दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 193 | सीकर, शनिवार 12 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-भगवान को परेशान क्यों कर रहे हो

### क्या वे इससे खुश होंगे; राजस्थान के महावीर जैन मंदिर प्रबंधन विवाद में सुनवाई पूरी



जयपुर।

राजस्थान के करौली में प्रसिद्ध श्री महावीर जी जैन मंदिर के प्रबंधन और संचालन को लेकर जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर पक्षों के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुरक्षित रखते हुए दोनों पक्षों को 8 दिन में लिखित बहस दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान धार्मिक संवेदनशीलता का जिक्र करते हुए जस्टिस पारदीवाला ने दोनों पक्षों से इस मुद्दे को बेहद सावधानी से निपटाने की बात कही। उन्होंने दोनों पक्षों से मुकदमेबाजी समाप्त करने की अपील करते हुए कहा- यह बहुत ही नाजुक और धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मुद्दा है। किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना, क्या आप यह उम्मीद करते हैं कि सुबह श्वेतांबर अपने तरीके से अनुष्ठान करेंगे और शाम को दिगंबर भगवान के वस्त्र बदलकर अपने तरीके से पूजा-अर्चना करेंगे? आप महान भगवान को परेशान क्यों कर रहे हैं? इस धरती पर अवतरित सबसे महान संतों में से एक के नाम पर यह अनावश्यक मुकदमेबाजी क्यों? क्या आपको लगता है कि इस सबसे वे खुश होंगे?

### क्या हैं दोनों पक्षों की दलीलें?

वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने तर्क दिया कि इस मामले में पूजा स्थल के परिवर्तन की कोई मांग नहीं की गई है, इसलिए पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 इस मामले में लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल संपूर्ण जैन समुदाय के हित में मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा है। वरिष्ठ अधिवक्ता आर्यमा सुंदरम (याचिकाकर्ता- दिगंबर समिति) ने तर्क दिया कि हाईकोर्ट को अपील पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए थी, क्योंकि 1991 के कानून के तहत कार्यवाही समाप्त कर दी गई थी। चूंकि 1991 के एक्ट में अपील का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए दूसरे पक्ष को रिट याचिका दाखिल करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक स्थापित तथ्य है कि मूर्ति (देवता), मंदिर और उससे जुड़ी संपत्तियों का नियंत्रण, कब्जा और प्रबंधन दिगंबर जैन संप्रदाय के पास ही रहा है। यह मामला राजस्थान सार्वजनिक ट्रस्ट अधिनियम, 1959 की धारा 40 के तहत दायर एक आवेदन से शुरू हुआ था। इसमें मंदिर का प्रबंधन संभाल रही दिगंबर समिति (प्रबंधकारिणी कमेटी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी) के अध्यक्ष और सचिव को हटाने तथा श्वेतांबर संप्रदाय की एक नई प्रबंधन समिति बनाने की मांग की गई थी।

## टिकाऊ कार्यकर्ता से बिकाऊ पार्षद तक?

# भाजपा-कांग्रेस में शुरू हुई बाड़ाबंदी

## टिकट देते समय जताया था भरोसा, परिणाम से पहले अपनों पर ही अविश्वास

कासं

**झुंझुनू (नवयत्न)।** निकाय चुनाव में टिकट वितरण के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों ने दावा किया था कि पार्टी के मजबूत, सक्रिय और टिकाऊ कार्यकर्ताओं को ही प्रत्याशी बनाया गया है लेकिन चुनाव संपन्न होते ही नगर परिषद में बोर्ड बनाने की कवायद शुरू होने से पहले जिस तरह दोनों दलों के नेताओं ने अपने संभावित विजयी पार्षदों की बाड़ाबंदी शुरू कर दी, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि जिन कार्यकर्ताओं को पार्टी ने भरोसेमंद मानकर टिकट दिया पार्षद बनते ही उन्हीं पर अविश्वास क्यों ? क्या पार्टी को आशंका है कि उसके अपने कार्यकर्ता पार्षद बनते ही दूसरे खेमे का दामन थाम सकते हैं ? क्या राजनीतिक लालच के आगे पार्टी निष्ठा कमजोर पड़ सकती है ? या फिर दोनों प्रमुख दलों को क्रॉस वोटिंग का डर सता रहा है ?

### भाजपा ने संभाली कमान, संभावित विजेताओं की बाड़ाबंदी

गुरुवार को भाजपा विधायक राजेंद्र भाम्बू ने कमान संभाली। बताया जा रहा है कि उन्होंने भाजपा के संभावित विजयी पार्षदों एवं उनके प्रतिनिधियों को बसों एवं निजी गाड़ियों के जरिए अज्ञात स्थान के लिए रवाना किया। चुनाव परिणाम आने से पहले ही संभावित पार्षदों को अपने नियंत्रण में रखने की भाजपा की यह कवायद राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई।

### कांग्रेस भी पीछे नहीं, ओला ने संभाला मोर्चा

शुक्रवार को इसी तर्ज पर कांग्रेस के वर्तमान सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने मोर्चा संभाला। कांग्रेस के संभावित विजयी पार्षदों के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों के जीतकर आने की स्थिति में उनके साथ भी राजनीतिक समन्वय की कवायद दिखाई दी। कांग्रेस की ओर से भी संभावित पार्षदों को बसों के जरिए अपने विश्वसनीय स्थान पर ले जाकर बाड़ाबंदी किए जाने की चर्चा रही। इससे संकेत साफ है कि दोनों प्रमुख दल परिणाम आने से पहले ही बोर्ड बनाने के लिए संख्या जुटाने और अपने संभावित पार्षदों को सुरक्षित रखने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### सट्टा बाजार और आम चर्चा में कांग्रेस आगे!

**परिणाम से पहले आमजन की चर्चाओं और सटोरियों के अनुमान में भाजपा को करीब 17, कांग्रेस को 29 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा है। शेष वार्डों में निर्दलीयों का दबदबा रहने की संभावना जताई जा रही है। यदि यह अनुमान परिणाम में बदलता है तो झुंझुनूं नगर परिषद का बोर्ड किसी एक दल के बजाय निर्दलीयों के समर्थन या नेतृत्व पर निर्भर हो सकता है। ऐसे समीकरण में एक-एक पार्षद की कीमत बढ़ेगी और बोर्ड गठन का पूरा खेल संख्या से ज्यादा निष्ठा और क्रॉस वोटिंग पर टिक सकता है।**

### क्रॉस वोटिंग का डर, झुंझुनूं में नया नहीं खेल

झुंझुनूं की राजनीति में क्रॉस वोटिंग कोई नया खेल नहीं है। पिछले नगर परिषद चुनाव और जिला प्रमुख के चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग के आरोप और राजनीतिक समीकरण चर्चा में रहे हैं। यही वजह है कि इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने संभावित पार्षदों को संभालने में जुटे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय खेमे से कुछ ऐसे पार्षद चुनकर आ सकते हैं, जो बोर्ड गठन के समय पार्टी लाइन से अलग जाकर अपने पसंदीदा चेहरे के पक्ष में मतदान करें। ऐसी स्थिति में पार्टी छोड़ने से लेकर क्रॉस वोटिंग तक की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### भाजपा बोर्ड नहीं बना पाई तो भाम्बू के लिए बड़ा सवाल

यदि भाजपा बहुमत के आसपास पहुंचने के बावजूद नगर परिषद में अपना बोर्ड बनाने में सफल नहीं होती है तो इसका सीधा राजनीतिक असर विधायक राजेंद्र भाम्बू की साख पर पड़ना तय माना जाएगा। खासकर तब, जब चुनाव से पहले टिकट वितरण और संगठन की रणनीति में विधायक की भूमिका प्रमुख रही हो। अब असली सवाल सिर्फ यह नहीं है कि 14 सितंबर को कौन पार्षद बनेगा बल्कि सवाल यह भी है कि चुनाव जीतने के बाद कौन किसके साथ खड़ा रहेगा ? टिकट देते समय जिन्हें पार्टी ने टिकाऊ माना था, परिणाम आने से पहले उन्हीं की बाड़ाबंदी यह सवाल जरूर खड़ा कर रही है कि कहीं राजनीति में टिकाऊ कार्यकर्ता की परिभाषा अब बिकाऊ न हो जाए, के डर तक तो सीमित नहीं रह गई ?

### 60 वार्ड, लेकिन दोनों दलों की स्थिति ने बढ़ाई बेचैनी

**नगर परिषद झुंझुनूं के 60 वार्डों में भाजपा केवल 41 वार्डों में ही अपने प्रत्याशी उतार सकी, जबकि कांग्रेस भी 9 वार्डों में प्रत्याशी नहीं उतार पाई। चुनाव प्रचार के दौरान टिकट वितरण को लेकर दोनों दलों में असंतोष और बगावत के स्वर भी सामने आए। राजनीतिक पंडितों के एक वर्ग का आकलन है कि इस बार जनता ने टिकट वितरण से नाराजगी जताते हुए भाजपा को अपेक्षित समर्थन नहीं दिया और कम मतदान भी इसी असंतोष का संकेत हो सकता है। हालांकि वास्तविक तस्वीर 14 सितंबर को मतगणना के बाद ही सामने आएगी।**

# दिल्ली में जुटे दुनिया के उभरते शक्तिशाली देश

## ब्रिक्स की सामूहिक ताकत को वैश्विक समाधानों में बदलना होगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए सदस्य देशों के बीच व्यापार बाधाओं को कम करने, स्टार्टअप्स को दूसरे ब्रिक्स बाजारों में विस्तार देने और कारोबारी साझेदारियों को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की सामूहिक ताकत को वैश्विक समाधान में बदलने और आर्थिक विकास को नई गति देने के लिए मिलकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### 20 साल में चार से 21 देशों का परिवार

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस वर्ष ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर रहा है। 2006 में जब समूह की शुरुआत हुई थी, तब इसमें चार देश थे, जबकि आज ब्रिक्स और ब्रिक्स साझेदारों को मिलाकर 21 देशों का परिवार बन चुका है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश दुनिया की करीब 50% आबादी, 40% जीडीपी और 25% से अधिक व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था से तेज बढ़ी ब्रिक्स की ताकत

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में वैश्विक जीडीपी करीब ढाई गुना बढ़ी है, जबकि ब्रिक्स देशों की संयुक्त जीडीपी करीब साढ़े चार गुना हुई है। यह दिखाता है कि ब्रिक्स की आर्थिक ताकत दुनिया की तुलना में करीब दोगुनी रफ्तार से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक नवाचार और समाधान के महत्वपूर्ण केंद्र भी बन रहे हैं।

### भारत की अध्यक्षता की थीम पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएन्स, इनोवेशन, को-ऑपरेशन एंड सस्टेनिबिलिटी' है। पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी आर्थिक और व्यापार नीति का आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऊर्जा से लेकर टेक्नोलॉजी तक अपनी सप्लाई चेन को अधिक विविध और भरोसेमंद बनाया है, जिसका परिणाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और स्थिरता के रूप में सामने आया है।




### रणनीतिक क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित कर रहा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही शिप-बिल्डिंग, सेमीकंडक्टर, क्वांटम, क्रिटिकल मिनरल्स और बायोटेक जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में नई क्षमताएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने वैश्विक कारोबारियों से कहा, मेक इन इंडिया, इनोवेट विद इंडिया और स्केल फॉर द वर्ल्ड।

### दो लाख से अधिक स्टार्टअप का उल्लेख

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में स्टार्टअप क्रांति हो रही है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप और 120 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ भारत वैश्विक समाधानों का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी झलक 'ब्रिक्स भारत इनोवेट्स एक्सपो' में भी दिखाई देगी।

**यूपीआई को बताया जनसंख्या स्तर पर नवाचार का उदाहरण-** पीएम मोदी ने भारत की नवाचार यात्रा की विशेषता के रूप में 'इनोवेशन एट पॉपुलेशन स्केल' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेनदेन को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के करीब 50% रियल-टाइम भुगतान इसी टेक्नोलॉजी पर होते हैं।

**व्यापार बाधाओं के बीच आर्थिक पुल बना रहा भारत-** प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया में व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, तब भारत आर्थिक पुल बना रहा है। 2014 के बाद से भारत ने करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। ब्रिक्स में भी भारत का दृष्टिकोण व्यापार बाधाओं को कम करने और कारोबारियों के लिए अवसर बढ़ाने का है।

**स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए सहयोग नेटवर्क-** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में कृषि, स्वास्थ्य, कौशल और स्मार्ट ग्रिड जैसे क्षेत्रों में नए सहयोग नेटवर्क बनाए गए हैं। स्टार्टअप और एमएसएमई को बाजार तथा वित्त से जोड़ने के लिए ब्रिक्स इनक्यूबेटर नेटवर्क, ब्रिक्स एमएसएमई पोर्टल और ब्रिक्स स्टार्टअप इनोवेशन फंड जैसी पहल की गई हैं।



### ब्रिक्स में पुतिन का अमेरिका-यूरोप पर तंज

## कमजोर देश खुद को जी7 क्यों कहते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत ब्रिक्स लीडर्स ने शुक्रवार को ब्रिक्स बिजनेस फोरम में ग्लोबल ट्रेड पर बात की।

इसमें सबसे अहम बयान पुतिन का रहा। उन्होंने अमेरिका और यूरोप पर तंज कसते हुए कहा, पश्चिम अब कमजोर हो रहा है, पता नहीं ये देश खुद को जी7 क्यों कहते हैं। दुनिया की 40% से ज्यादा जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जी7 की हिस्सेदारी सिर्फ 29% रही। इसके बाद पीएम मोदी ने भी बिजनेस फोरम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये दुनिया की 40% जीडीपी में हिस्सा रखते हैं। भारत व्यापार बढ़ाना चाहता है और इसके लिए सुरक्षित समुद्री रास्ते जरूरी हैं।

### ब्रिक्स आर्थिक ताकत में आगे, जी7 सिस्टम पर हावी

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के मुताबिक, पीपीपी के आधार पर ब्रिक्स की हिस्सेदारी दुनिया की अर्थव्यवस्था में करीब 40% है, जबकि जी7 की 18%। यानी आर्थिक आकार में ब्रिक्स आगे है। हालांकि जी7 को कमजोर नहीं माना जा सकता। डॉलर, बैंकिंग, निवेश और तकनीक में उसका प्रभाव अब भी बड़ा है। दूसरी तरफ ब्रिक्स की ताकत बड़ी आबादी, प्राकृतिक संसाधन और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं।

## बोलेरो के कुचलने से रामदेवरा जा रहे 3-श्रद्धालुओं की मौत

### मरने वालों में चाचा-भतीजे शामिल



**जोधपुर।** जोधपुर जिले में पैदल रामदेवरा (जैसलमेर) जा रहे चाचा-भतीजे सहित तीन श्रद्धालुओं को बोलेरो कैंपर ने कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा शेरगढ़ थाना इलाके में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे शेरगढ़ से फलोदी मेगा हाईवे पर भूंगरा में हुआ। थानाधिकारी खेताराम सियोल ने बताया- रात 10 बजे तेना-नाथासर गांव से पांच श्रद्धालु पैदल रवाना हुए थे। घर से 10 किलोमीटर दूर मेगा हाईवे पर पहुंचे थे। वहां बेकाबू बोलेरो ने तेना-नाथासर निवासी नरेश (25) पुत्र चंद्राराम, अंबाराम (29) पुत्र कुंभाराम और भानाराम (25) पुत्र अनोपाराम को टक्कर मार दी। पुलिस ने ड्राइवर को डिटेन कर बोलेरो जब्त कर ली है। तीनों शव शेरगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए। परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। परिजन और ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे शेरगढ़ थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। नरेश, अंबाराम का भतीजा था और भानाराम पड़ोसी था।

नवयत्न | कोबरी पोस्ट



# एसएस रिटेल का आईपीओ 16 सितंबर से खुलेगा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोबाइल फोन, एक्सेसरीज और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मल्टी-ब्रांड रिटेल चेन एसएस रिटेल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 16 सितंबर 2026 को खुलेगा और 18 सितंबर को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 15 सितंबर को खुलेगी। कंपनी ने आईपीओ के लिए 403 से 424 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपए है। आईपीओ में कुल 5000 मिलियन रुपए तक का ऑफर है। इसमें 3600 मिलियन रुपए तक का फ्रेश इश्यू और 1400 मिलियन रुपए तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस के तहत प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक सिद्धार्थ गुणवंत शाह, दीपा सिद्धार्थ शाह, हर्षल किशोर पारेख और भाविनी हर्षल पारेख तथा अन्य सेलिंग शेयरधारक राखी नरेंद्र फिरोदिया शेयर बेचेंगे। निवेशकों के लिए न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों की बोली लगाना जरूरी होगा। इसके बाद 35-35 शेयरों के गुणक में आवेदन किया जा सकेगा। कर्मचारी आरक्षण हिस्से में आवेदन करने वाले पात्र कर्मचारियों को ऑफर प्राइस पर 25 रुपए प्रति शेयर की छूट मिलेगी। एसएस रिटेल मोबाइल फोन, एक्सेसरीज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का कारोबार करती है। कंपनी महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गोवा और गुजरात में संचालित है। 31 मार्च 2026 तक कंपनी के देशभर में 503 स्टोर थे, जिनमें 458 महाराष्ट्र में हैं। ये स्टोर 215 शहरों में 2,41,365 वर्गफुट क्षेत्र में फैले हैं।

# 21 हजार लड्डुओं से सजेगी गणपति महाराज की भव्य झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महंत अमित शर्मा के सान्निध्य में होने वाले तीन दिवसीय आयोजन में मंदिर को विशेष लाइटिंग, फूल-बंदरवाल से सजाया जाएगा। जन्मोत्सव के दौरान हवन, 108 गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ और सायंकाल दीपदान सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। 12 सितंबर को 21 हजार लड्डुओं की भव्य झांकी सजाई जाएगी। लड्डुओं से सजे गणपति के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। 13 सितंबर को सिंजारा उत्सव होगा। इस दौरान 111 किलो मेहंदी प्रथम पूज्य को अर्पित कर महिला मंडल की ओर से बधाई गान किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं में मेहंदी वितरित की जाएगी। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के महापर्व पर भगवान गणेश को सोने के वर्क चढ़ाकर विशेष श्रृंगार किया जाएगा और छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन भी होंगे। गणपति जन्मोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भक्तिमय माहौल रहेगा और श्रद्धालु सुख-समृद्धि व मंगल की कामना करेंगे।

# मतदान केंद्र पर बुजुर्गों की मदद कर युवाओं ने निभाई जिम्मेदारी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव के दौरान युवाओं ने मतदान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई। जागरूक युवा कुश शर्मा ने मतदान केंद्र पहुंचकर बुजुर्ग मतदाताओं की सहायता की। उन्होंने बुजुर्गों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के साथ मतदान प्रक्रिया समझने में भी सहयोग किया। उनके इस प्रयास की लोगों ने सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। मतदान दिवस से पहले मतदान जागरूकता अभियान के तहत कुश शर्मा और राष्ट्रपति अवॉर्डी शुभम ने मानसरोवर, सिविल लाइंस, दुर्गापुरा और महारानी फार्म क्षेत्र में लोगों से मतदान की अपील की और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। कुश शर्मा स्वीप ब्रांड एंबेसडर के साथ स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर (स्वच्छता दूत) भी हैं। युवाओं ने लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के साथ बुजुर्ग मतदाताओं की मदद कर सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

# ग्रीन फिट मैराथन सीजन-3 के पोस्टर का सांसद शर्मा ने किया विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर आयोजित होने वाली ग्रीन फिट मैराथन सीजन-3 का आयोजन 27 सितंबर को विद्याधर नगर में होगा। मैराथन के लिए अब तक 7 हजार से अधिक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। आयोजन की तैयारियों के तहत जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने मैराथन के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने ग्रीन फिट फाउंडेशन पहल की सराहना करते हुए फिटनेस के साथ पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर ग्रीन फिट फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र सिंह, मेंटर अजय अग्रवाल और रेस डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल वीपी सिंह सेवानिवृत्त मौजूद रहे। मैराथन में 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की विभिन्न श्रेणियां रखी गई हैं। मैराथन का संदेश स्वस्थ भारत, हरित भारत-एक जन आंदोलन रखा गया है।

# आज होगा देवमाली की पैदल यात्रा के लिए संघ रवाना

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गुर्जर समाज आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण के आशीर्वाद से स्थानीय देवनारायण मंदिर से देवमाली, मसूदा, अजमेर के लिए विशाल पैदल यात्री संघ का शनिवार को सुबह रवाना होगा। देवनारायण जयंती भादवा के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री देवनारायण भगवान मंदिर ट्रस्ट समिति सुजानगढ़ द्वारा पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट समिति सुजानगढ़ अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि भगवान देवनारायण के जयकारों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु पैदल रवाना होंगे। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत एवं प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नोखा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का डीआरएम ने किया निरीक्षण

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा ( नवयत्न )।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नोखा रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास एवं विकास कार्यों की प्रगति का शुक्रवार को उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अनुराग त्रिपाठी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआरएम त्रिपाठी ने निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन नए प्रतीक्षालय, स्टेशन परिसर, स्टेशन बिल्डिंग, शौचालय, सर्कुलेटिंग एरिया तथा विभिन्न स्टेशन कार्यालयों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों से पुनर्विकास कार्यों की वर्तमान प्रगति, निर्धारित समय-सीमा तथा यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

डीआरएम ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता एवं तय मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। साथ ही निर्माण के दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा। डीआरएम ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री आवागमन की व्यवस्था तथा स्टेशन बिल्डिंग में प्रस्तावित एवं विकसित सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्टेशन परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्थित यात्री आवागमन और बेहतर यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीआरएम त्रिपाठी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का पुनर्विकास यात्रियों को आधुनिक, सुविधाजनक एवं बेहतर रेल यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नोखा रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे विकास कार्यों में यात्री सुविधाओं, स्टेशन की कार्यक्षमता, स्वच्छता एवं आधुनिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही।

# निकाय चुनाव : मतदान के बाद राज्य अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पहुंचे डीजीपी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** निकाय चुनाव के तहत पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डीजीपी अपनी धर्मपत्नी भावना शर्मा के साथ नगर निगम के वार्ड 82 में गांधीनगर स्थित अधिशासी अभियंता पीएचईडी कार्यालय दक्षिण परिसर में कमरा नम्बर 5 में बने मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। उन्होंने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। मतदान के बाद डीजीपी शर्मा ने आम मतदाताओं से भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए राजस्थान पुलिस की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान केंद्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।



### अभय कमांड सेंटर पहुंचकर डीजीपी ने लिया चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा

मतदान के बाद डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस मुख्यालय स्थित राज्य स्तरीय अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पहुंचकर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण को लेकर राज्यभर की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कानून व्यवस्था वीके सिंह भी मौजूद रहे। अभय कमांड सेंटर में वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न निकाय क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चुनावी गतिविधियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति की निगरानी की।

अधिकारियों ने कई निकाय क्षेत्रों से जमीनी हालात की जानकारी भी ली तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, विकास शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वीके सिंह ने बताया कि अभय कमांड सेंटर से निकाय चुनाव के दौरान प्रदेशभर की स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

# नहर के गणेशजी मंदिर में गूंजी गणेश जन्मोत्सव की ध्वजा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अति प्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिण मुखी श्री नहर के गणेश जी महाराज मंदिर में त्रिदिवसीय गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर महंत पं जय शर्मा के सान्निध्य में शुभ वेला में ध्वजा पूजन कर मंदिर के शिखर पर ध्वजा स्थापित की गई। मंदिर युवाचार्य पं मानव शर्मा ने बताया कि दो दिनों तक गणपति का चौला व विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 13 सितंबर को शाम 5 बजे से सिंजारा उत्सव होगा। वहीं 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी महापर्व पर सुबह 5 बजे मंगला आरती के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे। 15 सितंबर को ऋषि पंचमी के पारंपरिक उत्सव में सप्त ऋषि पूजन के साथ त्रिदिवसीय गणेश जन्मोत्सव का समापन होगा।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला वाहन चोर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिससे अन्य वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले शातिर वाहन चोर रवीश निवासी तहपुर जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। मुहाना थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। जहां गठित टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पूर्व में चालान शुदा और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के साथ तकनीकी आधार पर आरोपी की पहचान करते हुए धर-दबोचा है। इस कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी मुकेश कुमार खारडिया, एसआई देवी सहाय, एचसी लल्लू लाल, कांस्टेबल बहादुर, मानवेन्द्र, रामप्रकाश, हवलदार तथा तकनीकी शाखा जयपुर दक्षिण के एचसी लोकेश और एचसी रामसिंह शामिल रहे। कांस्टेबल मानवेन्द्र और रामप्रकाश की विशेष भूमिका रही।

# अंडरपास में भरे पानी में मिला युवक का शव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवदासपुरा थाना इलाके में दादनपुरा पुलिया के नीचे अंडरपास में भरे पानी में शुक्रवार दोपहर एक युवक का शव मिला। शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि मृतक की पहचान जगतपुरा कच्ची बस्ती निवासी आशीष बैरवा पुत्र कैलाश बैरवा के रूप में हुई है। आशीष करीब दो दिन पहले घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे दादनपुरा पुलिया के नीचे पानी में लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से शव को बाहर निकलवाया और एफएसएल टीम से साक्ष्य जुटाए। प्रथमदृष्टया पुलिस अंडरपास में भरे पानी में गिरने से आशीष की मौत होना मान रही है। शव भी करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आर्केसिया फोरम में एशिया के 2 हजार से अधिक वास्तु विशेषज्ञ जुटे



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) की ओर से आयोजित 23वें आर्केसिया फोरम में एशिया के 2 हजार से अधिक वास्तु एवं डिजाइन विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे। इनमें 1500 से अधिक भारतीय और करीब 600-700 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल रहे। 24 सदस्य देशों के वास्तुकार, डिजाइनर, शिक्षाविद, विद्यार्थी और पेशेवरों ने वास्तुकला, जलवायु, प्राकृतिक सामग्री और स्थानीय ज्ञान पर विचार साझा किए। फोरम का प्रमुख आकर्षण 37 साल बाद आर्केसिया की अध्यक्षता भारत को मिलना रहा।

10 सितंबर को आगरा में हुई आर्केसिया काउंसिल मीटिंग में अध्यक्ष पद के चुनाव में आईआईए के प्रतिनिधि आर्किटेक्ट तुषार सोगानी ने इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स पाकिस्तान के उम्मीदवार फवाद सुहैल अब्बासी को हराया। सोगानी को 18 मत मिले और वे 2028-29 के लिए आर्केसिया प्रेसिडेंट चुने गए। फोरम के संयोजक भी तुषार सोगानी रहे। प्रीट्जकर पुरस्कार विजेता वास्तुकार रिकेन यामामोटो ने द कॉन्सेप्ट ऑफ एशिया एंड कम्युनिटी विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया।

उन्होंने वास्तुकला को समुदाय, सामाजिक जुड़ाव और साझा स्थानों के निर्माण से जोड़ते हुए बदलते सामाजिक व पर्यावरणीय परिदृश्य में इसकी भूमिका पर विचार रखे। फोरम में डिजाइनिंग फॉर लोकल क्लाइमेट, बिल्डिंग विद नेचुरल मटेरियल्स और लर्निंग फ्रॉम वर्नाकुलर आर्किटेक्चर जैसे विषयों पर भी सत्र हुए। मिट्टी, पत्थर, बांस, चूना, लकड़ी और प्राकृतिक कंपोजिट जैसी सामग्रियों को टिकाऊ व कम-कार्बन निर्माण के विकल्प के रूप में चर्चा में रखा गया। वहीं स्थानीय वास्तुकला को केवल शैली नहीं, बल्कि पीढ़ियों से विकसित डिजाइन प्रणाली के रूप में समझने पर जोर दिया गया। फोरम में एशियाई देशों की वास्तु परियोजनाओं, प्रतियोगिताओं की विजेता परियोजनाओं और शोध कार्यों की प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। छात्र इंस्टॉलेशन और प्रतियोगिता प्रस्तुतियां युवा वास्तुकारों की रचनात्मक सोच का केंद्र रहीं। आयोजन ने वास्तुकला को इमारतों तक सीमित रखने के बजाय समुदाय, संस्कृति, जलवायु, सामग्री और स्थानीय ज्ञान से जोड़ने का संदेश दिया।

# एचपीवी टीकाकरण जागरूकता के लिए टीका टॉक शुरू

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार और गर्ल इफेक्ट इंडिया के सहयोग से शुक्रवार को टीका टॉक पहल की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य एचपीवी टीकाकरण को लेकर किशोरियों और माता-पिता में जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सरल भाषा में भरोसेमंद जानकारी उपलब्ध कराना है। पहल की शुरुआत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ मधु राटेश्वर की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय बैठक में की गई। राज्य में 14-15 वर्ष की किशोरियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर एचपीवी टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है।

यह टीका सर्वाइकल कैंसर के अधिकांश मामलों के लिए जिम्मेदार एचपीवी संक्रमण से बचाव में मदद करता है। भारत में 2024 में 78,499 महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की पहचान हुई और 42,392 की मौत हुई। टीका टॉक के तहत स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, माता-पिता से संवाद और व्हाट्सऐप चैटबॉट के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण व सर्वाइकल कैंसर से जुड़े सवालों के सरल जवाब उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जयपुर, दौसा और कोटपूतली से मिले सुझावों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। डॉ मधु राटेश्वर ने कहा कि राजस्थान पात्र किशोरियों और उनके परिवारों तक सही जानकारी व सहयोग पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं टीकाकरण प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ रघुराज सिंह ने अभिभावकों से 14 वर्ष की बेटियों को एचपीवी टीका लगवाने की अपील की। गर्ल इफेक्ट इंडिया की कंट्री डायरेक्टर कविता अय्यागरी ने कहा कि पहल का उद्देश्य परिवारों तक उनकी भाषा में भरोसेमंद जानकारी पहुंचाना है।

# नटखट बाल गोपाल प्रतियोगिता में अस्सी बच्चे लेंगे भाग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अनबीटेबल ग्रुप की ओर से बहुप्रतीक्षित नटखट बाल गोपाल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 12 सितंबर को शास्त्री नगर स्थित खंडेलवाल सभागार में शाम 5 से 9 बजे तक होगा। प्रतियोगिता में करीब 80 बच्चे भाग लेंगे। अनबीटेबल ग्रुप के डायरेक्टर, कोरियोग्राफर व एक्टर विकास सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से परिचित कराने के साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देना है। इसमें 0 से 9 वर्ष तक के बच्चे अपने माता-पिता के साथ भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में बच्चे श्रीकृष्ण की बाल्यावस्था की लीलाओं को नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से मंचित करेंगे। इससे बच्चों में ईश्वर के प्रति सम्मान व समर्पण की भावना बढ़ाने के साथ उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा। सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता को भक्ति और मनोरंजन से जोड़कर रोमांचक स्वरूप दिया गया है। सभी प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो, पोस्टर, गिफ्ट वाउचर आदि दिए जाएंगे। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में एक टाइटल विनर भी चुना जाएगा, जिसे नटखट बाल गोपाल का खिताब दिया जाएगा।

# जेजेटी यूनिवर्सिटी में राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026 पर सेमिनार आयोजित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के तत्वावधान में राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026 को लेकर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नवोदित उद्यमियों को स्टार्टअप के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, पंजीकरण प्रक्रिया तथा राज्य सरकार की ओर से नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद डॉ आरती पवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सेमिनार में मुख्य अतिथि बंटेश चावला, प्रोग्रामर, डीओआईटीसी, ब्लॉक अलसीसर ने युवाओं को डिजिटल युग में बदलती तकनीक के साथ कदमताल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अपने विचारों और प्रतिभा को अवसर में बदलने के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। महेंद्र कुमार, सहायक प्रोग्रामर, डीओआईटीसी, ब्लॉक अलसीसर एवं राज वीरेंद्र, इंजीनियर, डीओआईटीसी, ब्लॉक अलसीसर ने राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप के अवसरों, सहभागिता तथा पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। सेमिनार के दौरान हुए संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने स्टार्टअप से जुड़े विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं। विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार नए एवं रचनात्मक विचारों को विकसित कर उन्हें व्यावसायिक स्वरूप दिया जा सकता है। साथ ही उपलब्ध स्टार्टअप इकोसिस्टम, मार्गदर्शन एवं सहयोग तंत्र का लाभ उठाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम विश्वविद्यालय नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ् अजीत कुमार एवं डॉ महेश सिंह सहित विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं समन्वय टीम के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अनंता शांडिल्य, प्रभारी डीएसडब्ल्यू रहे। वहीं डॉ इरफान कलाल, एचओडी सिविल इंजीनियरिंग विभाग संयोजक रहे। इसके अलावा डॉ नीतीश कुमार गौतम, एचओडी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग तथा डॉ राहुल कुमार बुडानिया, एचओडी ईसीई इंजीनियरिंग विभाग सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ नीतीश कुमार गौतम ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गौ चिकित्सालय में इन्वर्टर मय बैटरी भेंट



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली निवासी दिलीप खरींटा पुत्र रामकुमार खरींटा ने सौंथली स्थित अपना कर्म गौ चिकित्सालय में इन्वर्टर मय बैटरी भेंट की है। चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में उठने में असमर्थ व असहाय गोवंश के उपचार के दौरान बिजली गुल होने पर पंखे व रोशनी की समस्या को देखते हुए यह सहयोग किया गया है। अरविंद अग्रवाल ने बताया कि इन्वर्टर-बैटरी की सुविधा मिलने से बिजली कटौती के दौरान भी आईसीयू वार्ड में पंखे और इमरजेंसी लाइट संचालित रहेंगे। इससे उपचाराधीन गोवंश को गर्मी से राहत मिलने के साथ उपचार में भी सुविधा होगी। उन्होंने इस सहयोग के लिए खरींटा परिवार का आभार जताया।

## होम्योपैथिक शिविर में 180 मरीज लाभान्वित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में छावनी बाजार स्थित आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय परिसर में स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 180 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में डॉ एस.एन. शुक्ला, डॉ मूलसिंह सहित संस्था के पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना है।

## चुनाव पर्यवेक्षक भगवत सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक एवं अतिरिक्त आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) भगवत सिंह ने शुक्रवार को जिले में नगर निकाय चुनाव के तहत संपन्न हुए द्वितीय चरण के चुनाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पर्यवेक्षक भगवत सिंह ने चिड़ावा, बुहाना, सिंघाना, सूरजगढ़, पिलानी, मंडावा एवं बिसाऊ नगर पालिकाओं के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान लाईजनिंग ऑफिसर डॉ विजयपाल कस्वा भी उनके साथ मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन आमंत्रित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया ने बताया कि विद्यार्थी के परिवार के सभी स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय 8 लाख रुपये तक होने पर योजना में आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय का प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र एवं आय घोषणा-पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि पात्र विद्यार्थी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों से योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय सीमा में आवेदन करने की अपील की गई है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, झुंझुनूं में संपर्क किया जा सकता है।

## आज होगी गणेश चतुर्थी महोत्सव में मूर्ति स्थापना

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री सिद्धी गणेश मंदिर में श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 34 वां गणेश चतुर्थी महोत्सव शनिवार को मूर्ति स्थापना के साथ शुरू होगा। पण्डित सोमदत दाधिच एवं पण्डित विनोद बोरायडा द्वारा प्रातः दस बजे मूर्ति स्थापना करवाई जाएगी। सायंकालीन महाआरती साढ़े सात बजे होगी। आरती पश्चात गोलू सुदामा एण्ड पार्टी द्वारा सजीव झांकियां नित्य प्रतिदिन होगी। 13 सितम्बर को रात्रिकालीन विशाल जागरण होगा, जिसमें राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिक आशा वैष्णव द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम में सन्त समागम होगा, जिसमें सन्त विकास नाथ महाराज, सन्त स्मृति नाथ महाराज का विशेष सानिध्य होगा।

## ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण, एक को नोटिस

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, ब्लॉक-झुंझुनूं द्वारा ई-गवर्नेंस सेवाओं में सुधार एवं अधिक वसूली की जांच के लिए अगस्त 2026 में उपखण्ड क्षेत्र के ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया। विभाग की अलग-अलग टीमों ने कुल 30 कियोस्कों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर एक ई-मित्र कियोस्क धारक को सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। विभाग के प्रोग्रामर विनोद कुमार सैनी ने बताया कि ई-मित्र कियोस्कों पर निर्धारित शुल्क एवं विभागीय नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सतर्कता विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रशासन भवन के सभागार कक्ष में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत केसीसी सतर्कता विभाग के तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। सत्यनिष्ठा से समृद्धि समृद्धि के लिए ईमानदारी सतर्कता जागरूकता अभियान तहत जेम की नई सुविधाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक पुरषोतम दास बोहरा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक विद्युत एस गुहा, मयूख चटर्जी, विपिन शर्मा, भुपेश बंबोरिया, यशोराज मीणा मौजूद थे। अध्यक्षता सहायक महाप्रबंधक सतर्कता देवेंद्र वर्मा ने की। पीडी बोहरा ने कहा कि सतर्कता केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संगठन की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने और कार्य संस्कृति को मजबूत करने का माध्यम है। अधिकारी और कर्मचारी सतर्कता के सिद्धांतों को अपनाकर न केवल संस्थान के विकास में योगदान दे सकते हैं, बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी ईमानदारी और जिम्मेदारी का संदेश प्रसारित कर सकते हैं। एलएम जोशी ने जेम की नई सुविधाएं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर शीलवा कुमार, राजेश डांढेल, सहायक महाप्रबंधक सतर्कता आनंद पांडे, संतोष कुमार बारीक, डॉ एस हादी, मोनिका, प्रिया दीक्षित, नीरज मीणा, अनुपसिंह मौजूद थे।

# 1079 पूर्व सैनिकों ने दर्ज कराई समस्याएं, 911 का मौके पर हुआ समाधान

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं और उनके परिवारों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सिग्नल्स रिकॉर्ड्स की ओर से बाबा सेओकरण दास मंदिर, जीवंसर में पूर्व सैनिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 1079 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। विभिन्न सैन्य रिकॉर्ड कार्यालयों और शाखाओं की ओर से लगाए गए शिकायत निवारण एवं हेल्पलाइन स्टॉल पर 911 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों ने अपने स्तर पर लेते हुए अधिकतम सात दिन में समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आयोजन सिग्नल्स रिकॉर्ड्स के कर्नल सुरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे। अतिथियों ने पूर्व सैनिकों की सेवाओं और राष्ट्र के प्रति योगदान को नमन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### एक ही जगह कई समस्याओं का समाधान

कार्यक्रम में सिग्नल, आर्म्ड, एयर डिफेंस, एविएशन, राजपूताना राइफल्स, सीएमपी, एएससी, ऑर्डिनेंस, मेडिकल, इंजीनियर सहित विभिन्न सैन्य रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने स्टॉल लगाए। पूर्व सैनिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर संबंधित अधिकारियों से सीधे संपर्क कर समस्याओं का समाधान कराने का अवसर मिला।

### 95 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट गैजेट्स प्रदान किए गए।

आयोजकों ने बताया कि इसका उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें डिजिटल शिक्षा के अवसरों से जोड़ना है।

### युद्ध वीरांगनाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों की युद्ध वीरांगनाओं का भी विशेष सम्मान किया गया।

उन्हें शॉल, सिलाई मशीन, सीलिंग फैन और स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं और उनके परिवारों को सेना की ओर से उनके कल्याण एवं सम्मान के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नगर निकाय आम चुनाव के तहत शुक्रवार को आयोजित मतदान प्रक्रिया का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग तथा पुलिस अधीक्षक कवेंद्र सिंह सागर ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों में स्थित मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंडावा, बिसाऊ एवं मलसीसर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की सुचारू व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने मतदाताओं से निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## पिठौरी अमावस्या पर महिलाओं ने गोवंश को खिलाया हरा चारा व दलिया



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पंडित गणेशनारायण सुरभि गोशाला में अमावस्या के अवसर पर नाहरमुखी मोहल्ले की कृष्णा महिला मण्डल ने गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से हरा चारा व दलिया खिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं गोशाला पहुंचीं और सेवा कार्य में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से हुई। महिलाओं ने दलिया तैयार कर गोवंश को खिलाया। गोशाला परिसर में भजन-कीर्तन भी हुआ। महिलाओं ने गायों को तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की। गोशाला प्रबंध समिति के महेंद्र सिंह बुगालिया व कार्यकारिणी सदस्यों ने महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में गोसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। समिति सदस्यों ने बताया कि सुरभि गोशाला में बड़ी संख्या में गोवंश की सेवा की जा रही है। समाज के सहयोग से गोसेवा का यह कार्य निरंतर जारी है।

# सड़क निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

सुमेर मीणा



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत कोट क्षेत्र में लंबे समय से बदहाल सड़कों की समस्या को लेकर ग्रामीणों और युवाओं ने नाराजगी जताते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। युवा नेता पंकज सैनी बागोरा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कोट ग्राम के घुमचक्कर से रोधाला की ढाणी तक तथा भैरू घाट से परसाला की ढाणी तक पक्की सड़क निर्माण एवं सुधार की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों मार्ग लंबे समय से बदहाल हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने तथा बरसात के दौरान पानी और कीचड़ भर जाने से आवागमन में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों के अनुसार इसका असर विद्यार्थियों, किसानों, वाहन चालकों और आपातकालीन सेवाओं पर भी पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से दोनों सड़कों के निर्माण एवं आवश्यक सुधार कार्य को प्राथमिकता से करवाने की मांग की गई।

पंकज सैनी बागोरा ने कहा कि सड़क सुविधा क्षेत्र के लोगों की मूलभूत जरूरत है और ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान होना चाहिए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद विभागीय अधिकारियों ने मौका मुआयना एवं सर्वे करवाकर आवश्यक प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान हंसा वर्मा महिला ब्लॉक अध्यक्ष उदयपुरवाटी, पंकज सैनी बागोरा, अंकित उदयपुरवाटी, संजू, शिवा, मनोज, उत्तम, राकेश, कानाराम कुमावत, सजन, विनोद सहित दर्जनों युवा साथी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## हिंदी फिल्म हमारी प्यारी गौ माता का मुहूर्त जयपुर में कल

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** हरि सेठ फिल्म्स एवं आर डी एम इवेंट्स के बैनर तले नई हिंदी फिल्म हमारी प्यारी गौ माता का निर्माण होने जा रहा है। गोपाल सोनी ने बताया कि फिल्म का मुहूर्त 13 सितंबर 2026, दोपहर 12 बजे किया जाएगा। समारोह का स्थान जेकेजे ज्वेलर्स, कॉफ्रेंस हॉल, अम्बाबाड़ी सर्किल, विद्याधर नगर जयपुर में रखा गया है। फिल्म के लेखक, निर्देशक एवं निर्माता बंटीकुमार मित्तल हैं। सह-निर्माता के रूप में बुध प्रकाश शर्मा और पृथ्वीराज कुमार हैं, जबकि क्रिएटिव डायरेक्टर एवं एडिटर पलक गुप्ता हैं। प्रोडक्शन टीम में संजय शर्मा हैं और स्टूडियो वर्क हरि सेठ फिल्म्स एंड टीम द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति हरि सेठ फिल्म्स, आर डी एम इवेंट्स एवं टीम ने सभी पत्रकार बंधुओं, गणमान्य नागरिकों और गौ-प्रेमियों से मुहूर्त समारोह में समय पर पधारने का आग्रह किया है।

## सम्पादकीय

# अब भी नासूर बना हुआ है आतंकवाद

आतंकवाद समकालीन विश्व की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। इसने समूचे विश्व को अपने प्रकोप से प्रभावित किया हुआ है। आज के दौर में यह समस्या और विकट होती जा रही है और किसी न किसी रूप में विश्व को ग्रसित कर रही है। आतंकवाद को परिभाषित किया जाए तो यह किसी व्यक्ति विशेष या संगठन द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सशस्त्र बल का प्रयोग कर समाज में हिंसा और भय उत्पन्न करना होता है। हिंसा और भय से समाज में भारी उथल-पुथल और अशांति पैदा कर समाज में एक व्यापक गतिरोध पैदा करने की मंशा से की जाने वाली घटनाएं आतंकवाद की श्रेणी में आती हैं। ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले कहीं जिहाद के नाम पर, कहीं पृथक देश बनाने की मांग पर और कहीं शोषण के विरुद्ध संघर्ष चलाने के नाम पर हिंसक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

विश्व के इतिहास में सबसे बड़ी आतंकी घटना अलकायदा द्वारा सितंबर 2001 में अमेरिका के विश्व व्यापार केंद्र और 'पेंटागन' पर हुई थी। 25 वर्ष पुरानी इस आतंकी घटना में लगभग तीन हजार लोग मारे गए थे और तमाम घायल हुए थे। इस घटना ने समूची दुनिया की नींद उड़ा दी थी। इस घटना के बाद अमेरिका और उसके साथी देशों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान छेड़ा, लेकिन वह भटक गया। आज स्थिति यह है कि आतंकवाद से पीड़ित रहा अमेरिका उसके सबसे बड़े संरक्षक पाकिस्तान का दोस्त और शुभचिंतक बना हुआ है। यह आतंक के खिलाफ अमेरिका के दोहरे मानदंड का परिचायक है। कुछ ऐसा ही रवैया चीन और तमाम अन्य देशों का भी है। इस कारण भी भारत पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद से ग्रसित है। भारत में अस्थिरता बढ़ाने और देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से अनेक भीषण आतंकी हमले किए गए। हमने अपने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को भी ऐसी ही घटना में खो दिया। यह घटना भारत के इतिहास में सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक थी। भारत में आतंकवादी हमले लगातार होते रहे हैं। 2001 में भारतीय संसद पर हमला, 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला, 2006 में मुंबई लोकल ट्रेन पर हमला और 2008 में मुंबई पर हमला, 2019 में पुलवामा और 2025 में पहलगाम हमला प्रमुख आतंकी घटनाएं हैं। इन हमलों में सैकड़ों लोगों की जान गई और अनेक सुरक्षाकर्मियों ने भी अपना बलिदान दिया। भारत में होने वाली आतंकी घटनाओं के पीछे पड़ोसी देश पाकिस्तान की भूमिका रही है।

फिल्म 'धुरंधर' पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की कहानी को बड़े ही बेहतर ढंग से प्रस्तुत करती है। विडंबना यह कि मुंबई आतंकी हमले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद भी राजनीतिक साहस की कमी और अदूरदर्शिता के कारण पीड़ितों को न्याय मिलने में बहुत देरी हुई। उस समय किसी दबाव में तत्कालीन सरकार पाकिस्तान पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने तो एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर झूठा विमर्श खड़ा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छवि खराब करने का काम किया। ये प्रसंग कहीं न कहीं हमारी राजनीतिक कमजोरियों को भी उजागर करते हैं, जिससे ऐसी घटनाओं के पीछे की ताकतों के मंसूबों को और बल मिलता है। आतंक के खिलाफ जैसी एकजुटता का अभाव विश्व स्तर पर है, वैसा ही राष्ट्रीय स्तर पर भी। आतंक के खिलाफ इतने वर्षों के संघर्ष के बाद भी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए एक नासूर बना हुआ है।

## विशेष आलेख

# डॉलर के विकल्प का सवाल भी उठेगा ब्रिक्स सम्मेलन में




दुनिया भर के शेयर बाजार के खिलाड़ियों से लेकर ताकतवर केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों तक, सबकी नजरें ब्रिक्स की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं की बैठक में होने वाले फैसलों पर टिकी हैं। इन अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेन-देन में अमेरिकी डॉलर के दबदबे के लिए खतरा माना जाता है।

शाओमी के बिजनेस मॉडल को लेकर चीनी सत्ता के गलियारों में घबराहट ऐसे समय हो रही है, जब शनिवार से दिल्ली में ब्रिक्स शिखर बैठक होने जा रही है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने गुरुवार को कहा कि चीन को उम्मीद है कि भारत वहां निवेश करने और काम करने वाली सभी देशों की कंपनियों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायपूर्ण, पारदर्शी और बिना भेदभाव वाला बिजनेस माहौल देगा। गुओ ने साथ में इसकी भी घोषणा की कि राष्ट्रपति शी ब्रिक्स बैठक में नई दिल्ली जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ से उन रिपोर्टों के बारे में पूछा गया था, जिनमें कहा गया था कि भारत के सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस ने शाओमी की जांच की सिफारिश की है। गुओ ने कहा कि उन्हें खास स्थिति के बारे में पता नहीं है।

भारत के सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (एसएफआईओ) ने चीनी स्मार्टफोन कंपनी शाओमी के बिजनेस मॉडल और विदेशी निवेश नियमों के कथित उल्लंघन की एक विस्तृत जांच की सिफारिश की है। एसएफआईओ यह जांच करना चाहता है कि क्या 2020 की सीमा झड़पों के बाद चीनी निवेश पर कड़े नियमों के बावजूद शाओमी ने अनिवार्य मंजूरियां ली थीं या नहीं। कंपनी पर धन के प्रवाह और रॉयल्टी भुगतान जैसे मामलों में गड़बड़ी का संदेह है। यह प्रस्ताव अभी कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की मंजूरी के लिए लंबित है।

कोई सात साल बाद चीनी राष्ट्रपति शी भारत आ रहे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समिट में शामिल होने पर सस्पेंस बना हुआ था, जो गुरुवार को क्लियर हो गया। चीन के लिए यह समिट इसलिए अहम है, क्योंकि यह ब्रिक्स की 20वीं सालगिरह है और यह ऐसे समय में हो रही है, जब वैश्विक शासन में अव्यवस्था बढ़ रही है।

जैसे-जैसे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के शेयर बाजार के खिलाड़ियों से लेकर ताकतवर केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों तक, सबकी नजरें इन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं की बैठक में होने वाले फैसलों पर टिकी हैं। इन अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेन-देन में अमेरिकी डॉलर के दबदबे के लिए खतरा माना जाता है।

धीमी प्रगति के बावजूद, डी-डॉलरलाइज़ेशन (डॉलर पर निर्भरता कम करने की प्रक्रिया) चर्चा का विषय बन गई है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वे बयान हैं, जिनमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के समूह को चेतावनी दी थी कि अगर वे वैश्विक व्यापार में डॉलर के दबदबे को खत्म करने की कोशिश करते हैं, तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है।

मॉस्को, नई दिल्ली या पेइचिंग में बाजार संभालने वाले सभी मंत्रियों और अधिकारियों ने बार-बार जोर देकर कहा है कि ब्रिक्स का कोई भी देश डॉलर के खिलाफ किसी तरह की वैचारिक लड़ाई नहीं लड़ रहा है। लेकिन, यह हाथी के दांत दिखाने जैसा है। डॉलर के एकाधिकार को समाप्त करने की छटपटाहट तो है। यदि ब्रिक्स के देशों में आपसी मतभेद न हों, तो डॉलर का विकल्प कब का तैयार हो जाता।

भले ही ब्रिक्स शिखर बैठक में डी-डॉलरलाइज़ेशन पर खुलकर चर्चा न हो, लेकिन सम्मेलन के दौरान देशों के बीच होने वाली बातचीत में करेंसी स्वैप (मुद्रा की अदला-बदली) और व्यापार ढांचे पर चर्चा होने की पूरी संभावना है। मूल सदस्य देशों—भारत, रूस, चीन, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका—के नेताओं के बीच और हाल ही में ब्रिक्स में शामिल हुए कई अन्य देशों, जैसे ईरान, सऊदी अरब, मिस्र, इंडोनेशिया, यूएई और इथियोपिया, के नेताओं के साथ कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बातचीत होने की उम्मीद है।

वर्ष 2024 में ब्रिक्स देशों के बीच आपसी व्यापार का मूल्य 1.17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर आंका गया था। माना जाता है कि यह सालाना औसतन 13 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। दुनिया के कुल निर्यात में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत है। मगर, राष्ट्रीय मुद्राओं में भुगतान निपटाने की दिशा में ब्रिक्स देशों के विभिन्न कदम, जैसे भारत और रूस के बीच रुपया-रूबल समझौता या डॉलर के बजाय युआन में व्यापार करने की चीन की कोशिशें, जितनी कारगर होनी चाहिए थीं, हुई नहीं। साल 2000 में, सभी देशों के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा डॉलर के रूप में रखा जाता था। 2026 तक यह घटकर लगभग 57 फीसदी रह गया है। अर्थात, 'टाइगर अभी जिंदा है' की तर्ज पर डॉलर अभी जिंदा है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बनाने वाली टीम के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'यह साफ तौर पर दिखाता है कि कई देशों के केंद्रीय बैंकर डॉलर का भारी भंडार रखने से जुड़े भू-राजनीतिक जोखिमों को बांटने के लिए या तो दूसरी मुद्राएं या फिर सबसे सुरक्षित निवेश, यानी बुलियन (सोना), खरीद रहे हैं।'

डॉलर पर भरोसे की कमी का यह असर अब खुद अमेरिका के केंद्रीय बैंक द्वारा सोना रखने के मामले में भी दिखने लगा है। सोना महंगा होने की मूल वजह अब सरकारें बन चुकी हैं। डच केंद्रीय बैंक ने इस साल मार्च और अगस्त के बीच उत्तरी अमेरिका से लंदन में लगभग 86 टन सोना ट्रांसफर किया, जिसकी कीमत 10 अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा थी। इससे पहले, जनवरी 2026 में फ्रांस ने अमेरिका में रखा अपना 129 टन सोना बेच दिया था, जो उसके कुल भंडार का लगभग 5 प्रतिशत था। बिक्री से मिले पैसे से फ्रांस ने यूरोप में सोना खरीदा और उसे अपने केंद्रीय बैंक के वॉल्ट में जमा कर दिया। यह कदम लगभग 9 साल पहले राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जर्मनी के बुंडेसबैंक द्वारा उठाए गए उपाय जैसा ही है, जब उसने फ्रैंकफर्ट में अपने वॉल्ट में 300 टन सोना ट्रांसफर किया था।

मंगलवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, 'हालांकि ब्रिक्स किसी भी 'डी-डॉलरलाइज़ेशन नीति' के पक्ष में नहीं है, लेकिन सदस्य देश, जिनमें से कई प्रतिबंधों के कारण डॉलर में लेन-देन नहीं कर सकते, हम बस वही कर रहे हैं, जो हमारे राष्ट्रीय हितों के लिए बेहतर है। अमेरिकी कदमों ने ही डॉलर पर भरोसे को कम किया है।'

भारत के नजरिए से यह समस्या काफी पेचीदा है, क्योंकि नई दिल्ली एक तरफ तो रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक बन गई है और दूसरी तरफ पश्चिमी बाजारों, टेक्नोलॉजी और पूंजी तक अपनी पहुंच भी बनाए रखना चाहती है। यहीं पर ब्रिक्स और भी अहम हो जाता है। अध्यक्ष देश की हैसियत से भारत किस करवट बैठता है, इस पर राष्ट्रपति ट्रंप नजरें गड़ाए बैठे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी बौद्धिक क्षमताएँ आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। खुशी पाने के लिए अपने जज्बातों का खुलकर इजहार करें। पैसों के मामले में आपको दूसरों की सलाह पर चलने के बजाय अपने मन की बात सुनना चाहिए। दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी।

### वृष
आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा । आप माता-पिता के साथ मंदिर जा सकते हैं । आपको काम से जुड़ी परेशानियां से छुटकारा मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को काम का सुनहरा मौका मिल सकता है । स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा।

### मिथुन
जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। घरेलू ज़िम्मेदारियों से किसी भी क़ीमत पर पल्ला न झाड़ें। अपनी दीवानगी को क़ाबू में रखें, नहीं तो यह आपके प्रेम-संबंध को मुश्किल में डाल सकती है।

### कर्क
आज सामाजिक स्तर पर वृद्धि होगी। रुपए-पैसे के मामले में अच्छी स्थिति रहेगी। मेहनत और लगन से काम करेंगे तो सफलता मिल सकती है। आज कई मामलों में प्रगति होगी। आपका पुराना रोग उभर सकता है। बेकार की बातों और झगड़ों से बचें।

### सिंह
अगर आप नौकरी में ट्रांसफर के लिये कई दिनों से परेशान हैं, तो आज आपकी परेशानी खत्म हो सकती है। परिवार में खुशी बनी रहेगी। कोई दोस्त आपसे मिलने घर पर आ सकता है। आपको दोस्त से मिलकर अच्छा लगेगा। बिजनेस में लाभ मिलेगा।

### कन्या
बेकार का तनाव और चिंताएँ ज़िंदगी का रस निचोड़कर आपको पूरी तरह चूस सकती हैं। भलाई इसी में है कि इन आदतों को छोड़ दें, नहीं तो इनसे केवल आपकी परेशानियों में बढ़ोतरी ही होगी। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें।

### तुला
इच्छाशक्ति की कमी आपको भावनात्मक और मानसिक परेशानियों में फँसा सकती है। ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। रिश्तेदारों के यहाँ जाना उससे काफ़ी बेहतर रहेगा, जितना आप सोच सकते हैं।

### वृश्चिक
आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी हो सकती है। कोई जरूरी काम पूरा होने से आप खुश रहेंगे। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। रिश्तों में सुधार आयेगा। शत्रु पक्ष आपसे दूरिया बनाकर रहेगा। बच्चों का कोई सामान खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

### धनु
आज पढ़ाई लिखाई में तरक्की होगी। आपकी लीडरशिप क्वालिटी आपके करियर को बेहतर बनाने में फायदेमंद साबित होगी। किसी निश्चित प्रयोजन से कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। अचल संपत्ति के मामले में निर्णय लेने के लिए उचित समय नहीं है। आज सामाजिक स्तर पर वृद्धि होगी।

### मकर
अचानक यात्रा करना थकावट भरा साबित होगा। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। संपत्ति को लेकर विवाद खड़े हो सकते हैं। संभव हो तो इसे ठण्डे दिमाग से सुलझाने की कोशिश करें। कानूनी दखल फ़ायदेमंद नहीं रहेगा। रुपए-पैसे के मामले में अच्छी स्थिति रहेगी।

### कुंभ
आज किसी काम को पूरा करने में ज्यादा समय लग सकता है। ज्यादा भागदौड़ से आपकी परेशानी बढ़ सकती है। बिजनेस डील के सिलसिले में क्लाइंट के साथ बाहर जाना पड़ सकता है। मेहनत और लगन से काम करेंगे तो सफलता मिल सकती है। आज कई मामलों में प्रगति होगी।

### मीन
योग और अध्यात्मिक क्षेत्र के लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। विदेश यात्रा की संभावना रहेगी। आपके परिवार का साथ मिलेगा। आज आप नई योजना बनाएंगे। आपके कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी काम के लिए सीमा तय करें और खुद पर कंट्रोल करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# गर्म पानी में मिलाकर पिएं काली मिर्च पाउडर

# आपकी सेहत को मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे



हमारी किचन में कई ऐसी चीजें मौजूद हैं, जो बेहद पौष्टिक और स्वास्थ्य के लिए अच्छी मानी जाती है। इन्हीं में से एक है काली मिर्च। यूं तो काली मिर्च को आप सब्जियों और सलाद में मिक्स करके खूब खाया होगा। इससे खाने का स्वाद भी बढ़ जाता है और पोषक तत्वों में भी इजाफा होता है। लेकिन, अगर आप इसे गर्म पानी के साथ पिएं, तो इससे आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

### इम्यूनिटी बेहतर करता है

मॉनसून का सीजन है। हर कोई जानता है कि अगर इन दिनों जरा भी इम्यूनिटी वीक हो जाए, तो व्यक्ति आसानी से बीमारी पड़ सकता है, इंफेक्शन हो सकता और भी कई अन्य बीमारियां हो सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए आप अपनी डाइट में गुनगुने पानी संग काली मिर्च मिक्स करके पी सकते हैं। इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो व्हाइट ब्लड सेल को स्ट्रॉन्ग बनाते हैं, जिससे वे बाहरी बैक्टीरिया या वायरस से लड़ने में सक्षम हो जाते हैं। इस पानी को आप सुबह-सुबह पी सकते हैं या फिर शाम को भी पी सकते हैं।

### पाचन में मदद करता है

गुनगुने पानी में काली मिर्च मिक्स करके पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलती है। असल में, काली मिर्च पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड को उत्तेजित करने में मदद करती है ताकि भोजन को बेहतर ढंग से पचा सकें और अवशोषित (एब्जॉर्ब) कर सके। इसमें कार्मिनेटिव गुण भी होते हैं, जो आपकी आंतों में हो रही असहजता को कम करते हैं और गैस को बनने से रोकते हैं।

### स्किन अच्छी होती है

काली मिर्च एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जिसके सेवन से स्किन पर भी असर पड़ता है। असल में, यह एक ऐसा ड्रिंक है, जो बॉडी को डिटॉक्स करता है, पेट के स्वास्थ्य को बेहतर रखता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसका पोजिटिव असर स्किन पर भी देखने को मिलता है। यही नहीं, आप चाहें, तो काली मिर्च का फेस मास्क चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे स्किन टेक्सचर बेहतर होता है और स्किन ग्लोइंग भी बनती है।

### दिमाग के लिए लाभकारी है

काली मिर्च में पाया जाने वाला महत्वपूर्ण तत्व पाइपरिन मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। पाइपरिन में इतनी क्षमता होती है कि वह अल्जाइमर जैसी बीमारियों के रिस्क को कम कर सकता है और ब्रेन न्यूरोंस को बेहतर तरीके से फंक्शन करने में मदद कर सकता है।

### वजन घटाने में मदद करता है

काली मिर्च में पाइपरिन नामक एक तत्व पाया जाता है। काली मिर्च के तीखेपन के लिए यही तत्व जिम्मेदार होता है। यह तत्व मेटाबॉलिज्म बेहतर करता है और डाइजेस्टिव सिस्टम को सही रखने में मदद करता है। इस तरह देखा जाए, तो यह आपके मोटापे को कम करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। अगर आप गुनगुने पानी में काली मिर्च को मिक्स करके रोज पीते हैं, तो इससे आपके मोटापे पर काफी फर्क पड़ेगा। हालांकि, वजन कम करने के लिए इस पानी के साथ-साथ फिजिकल एक्टिविटी करनी भी जरूरी होती है।



# देर रात तक नहीं आती नींद, तो आप इन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का करें सेवन

आज के समय में लोगों पर काम का बोझ बढ़ने लगा है। वहीं अधिकतर युवा मोबाइल चलाने में घंटों समय बिताकर देर रात तक जागते हैं। इसका सीधा असर लोगों की नींद पर पड़ता है। पर्याप्त समय की नींद न लेने से आपको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यदि, पर्याप्त नींद न ली जाए तो इससे दिमाग थकने लगता है और इसका असर आपके कार्य क्षमता पर पड़ता है। इससे भविष्य में कई तरह के रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।



**ब्राह्मी :** ब्राह्मी का उपयोग ब्रेन फंक्शन को बेहतर करने के लिए सदियों से किया जा रहा है। यह बेहद ही उपयोगी जड़ी बूटी मानी जाती है। इसके नियमित उपयोग से आप स्ट्रेस को आसानी से दूर कर सकते हैं। इससे आपको बेहतर नींद आती है।

**ब्राह्मी का उपयोग कैसे करें :** ब्राह्मी को आप पानी में उबालकर चाय की तरह पी सकते हैं। इसके नियमित उपयोग से आपका ब्रेन फंक्शन बेहतर होता है। आप ब्राह्मी की पत्तियों का पेस्ट बनाकर भी सेवन कर सकते हैं।

**जटामांसी :** जटामांसी को स्पाइकेनार्ड के नाम से भी जाना जाता है। इससे इस्तेमाल से आप नींद की क्वालिटी को बेहतर कर सकते हैं। यह नर्वस सिस्टम को आराम पहुंचाती है, जिससे अनिद्रा की समस्या दूर होती है। जिन लोगों का ब्रेन हाइपर एक्टिव रहता है, उन्हें जटामांसी का नियमित उपयोग करना चाहिए।

**जटामांसी का उपयोग कैसे करें :** आप बाजार से जटामांसी का पाउडर खरीद सकते हैं। इस पाउडर को आप गर्म पानी और दूध के साथ ले सकते हैं। बाजार में जटामांसी का तेल भी उपलब्ध है, इस तेल की सिर पर मालिश करने से नसों को आराम मिलता है और बेहतर नींद आती है।

**अश्वगंधा :** अश्वगंधा, एडाप्टोजेनिक जड़ी बूटी है। यह शरीर के तनाव को कम करने में मदद करती है। इसके इस्तेमाल से नर्वस सिस्टम बेहतर होता है। चिंता और स्ट्रेस के लेवल में सुधार होता है। अच्छी नींद के लिए आप अश्वगंधा का सेवन कर सकते हैं।

**अश्वगंधा का उपयोग कैसे करें :** अश्वगंधा के पाउडर का इस्तेमाल आप गर्म दूध और शहद के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। बाजार में इसके कैप्सूल उपलब्ध होते हैं। आप अश्वगंधा की कैप्सूल का सेवन भी कर सकते हैं।

**शंखपुष्पी :** शंखपुष्पी नींद और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर जड़ी बूटी मानी जाती है। इससे आपका नर्वस सिस्टम एक्टिव होता है। इससे आपको गहरी नींद आती है और आपकी चिंता कम होने लगती है।

**शंखपुष्पी का उपयोग कैसे करें :** बाजार में शंखपुष्पी का सिरप उपलब्ध है। आप डॉक्टर की सलाह पर इसको सुबह और शाम पानी के साथ ले सकते हैं।

**तुलसी :** आयुर्वेद में तुलसी के कई फायदो का जिक्र मिलता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और आपको संक्रमण होने की संभावना कम होती है।

**तुलसी का उपयोग कैसे करें :** आप तुलसी की पत्तियों का सेवन चाय में मिलाकर भी कर सकते हैं। इसके अलावा आप तुलसी का काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।

# कांग्रेस ने भी शुरू की पार्षदों की बाड़ाबन्दी



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कांग्रेस के संभावित पार्षदों को एक जगह पर रखने के लिए कांग्रेस भी बाड़ाबंदी कर रही है। जानकारी के अनुसार सालासर के रेस्त्रां में यह बाड़ाबंदी की जा रही है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस की खुद की सीटें तो कम आ रही हैं। लेकिन कांग्रेस को यह उम्मीद है कि उनके समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी 10-12 जीतकर आयेंगे। जिसके कारण उनका आंकड़ा 24-25 तक पहुंच जायेगा। इसी के साथ ही निर्दलीय के रूप में जीताऊ प्रत्याशियों से मान मनुहार भी शुरू हो चुकी है। कौनसा निर्दलीय कौनसी पार्टी के खेमे में जायेगा, यह कहना अभी तो अनिश्चित लग रहा है। क्योंकि सबको परिणाम का इंजतार है। दूसरी ओर भाजपा एक दिन पहले ही बाड़ाबंदी कर अपने प्रत्याशियों को सालासर ले जा चुकी है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि इस बार तो हर हाल में भाजपा का चेयरमैन बनाकर ही दम लेंगे।

# विकास अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी गणेशराम जाखड़ की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास स्वामित्व योजना, स्वच्छ भारत मिशन, संपर्क पोर्टल, खाद्य सुरक्षा योजना, विकसित भारत जी राम जी योजना, एमपी/एमएलए लेड आदि योजनाओं के तहत हो रे कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाडिया, घनश्याम भाटी, जीवन राम नेहरा, कमल कांत बेदी, ठाकुरमल कताला, गौरव कालेर, नेमीचंद मेघवाल, जुगल किशोर सहित अनेक ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे। विकास अधिकारी द्वारा बताया गया आवंटित लक्ष्य की पूर्ति तीन दिवस में करना सुनिश्चित करें।

# पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों को वितरित किए निःशुल्क स्कूल बैग



मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** बुहाना उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर अहीरान एवं शहीद छाजूसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चुड़ीना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। यह कार्यक्रम स्व. महावीर प्रसाद की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चुड़ीना की प्रधानाचार्य सविता आलड़िया द्वारा आयोजित किया गया। उनके साथ पुत्र डॉ शुभम ढीकवाल, पुत्री डॉ योगिता, दामाद डॉ वैभव गुप्ता एवं स्व. महावीर प्रसाद के भाई शिवराम भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर अहीरान में सविता आलड़िया के द्वारा बच्चों को प्रसाद वितरण भी करवाया गया। वहीं शहीद छाजूसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चुड़ीना में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बुहाना ब्लॉक सीबीईओ वेद प्रकाश द्वारा की गई।

बैग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरणादायी संदेश दिए। गांव के गणमान्य लोगों ने परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्व. महावीर प्रसाद की पुण्यतिथि को शिक्षा और समाजसेवा से जोड़ना उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि है।

# समारोहपूर्वक मनाई महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की 107 वीं जन्म जयंती

## रील से नाता तोड़ो, साहित्य से नाता जोड़ो . . . का दिया बच्चों को संदेश

अमित प्रजापत



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान द्वारा राजस्थानी के मूर्धन्य साहित्यकार पदम् श्री कन्हैयालाल सेठिया की 107 वीं जन्म जयंती शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाई गई। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि राजकीय भींवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के प्रसिद्ध कथक नृत्याचार्य और कथक दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट, बड़ोदरा के निदेशक प्रोफेसर डॉ. जगदीश गंगानी थे। कथक नृत्याचार्य डॉ गंगानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की रचनाओं में मातृभूमि की महक आती हैं। उन्होंने कहा कि महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की साहित्य साधना से सुजानगढ़ ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान का सुयश सम्पूर्ण देश में फैला हैं और इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान मिली। उन्होंने संगीत और साहित्य के परस्पर अंतर सम्बन्धों की व्याख्या करते हुए ऐसे महान पुरूषों को उनकी जन्म भूमि पर याद करने के लिए मरूदेश संस्थान का आभार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं. गिरीशचंद्र मिश्रा की पोत्री शीतल मिश्रा ने की। संस्कृत आचार्य पूनमचंद सारस्वत ने स्वस्ति वाचन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण संस्था के रतन सैन ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कवि राजेश बिहारी, मदनलाल गुर्जर, स्नेहप्रभा मिश्रा, परमानंद मिश्रा ने अपनी काव्य रचनाएं, विद्यालय की छात्रा मेनाज ने सेठिया की रचना- जलम भौम . . और शिक्षिका रेखा सोनी ने धरती धोरां री . . . अमर गीत का सस्वर पाठ किया। बच्चों को वक्ताओं ने रील से नाता तोड़ो और साहित्य से नाता जोड़ो . . . की सीख भी दी। आगंतुक अतिथियों का स्वागत संस्थान के सचिव कमलनयन तोषनीवाल, किशोर सैन, छापर की डॉ सुनीता राज सोनी, ममता सोनी, अर्जुन सियोता आदि ने किया। इस अवसर पर बड़ोदरा की प्रियंवदा गंगाणी, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक, पूर्व शिक्षिका कौशल्या गुलेरिया, भंवरलाल गिलाण, रामचंद्र ठोलिया, महेश तंवर, सुधा जांगिड़, सुमित्रा, गणपति, पूजा, विजया, गोविंद शर्मा, प्रियंका, अनिता कुमारी, मीनाक्षी शर्मा आदि उपस्थित रहे। मुकेश रावतानी ने आभार व्यक्त किया। समारोह में कन्हैयालाल सेठिया के व्यक्तित्व, साहित्य सृजन, राजस्थानी भाषा हेतु संघर्ष, अथक लोक सेवा आदि के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। सभी ने सेठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

# तेजाजी महाराज की 14वीं पदयात्रा सुरसुरा के लिए रवाना



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** सुरेरा के निकटवर्ती कुड़ियों का बास से सुरसुरा के लिए तेजाजी महाराज की 14वीं पैदल पदयात्रा शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। पदयात्रा कुड़ियों का बास स्थित तेजाजी महाराज मंदिर से डीजे की धुनों और तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ प्रारंभ हुई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए नाचते-गाते यात्रा में आगे बढ़ी। पदयात्रा में तेजाजी महाराज की सुंदर झांकी भी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सैकड़ों की संख्या में पैदल यात्री तेजाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए सुरसुरा के लिए रवाना हुए। पदयात्रा रविवार को सुरसुरा पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु तेजाजी महाराज के दर्शन कर ज्योत लेकर वापस लौटेंगे।

# श्रीराधा अष्टमी महोत्सव 19 को, तैयारियां प्रारंभ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री गोपीनाथजी का श्रीमाधोपुर की महंत डॉक्टर मनोहर शरण दास ने बताया कि मंदिर में आगामी 19 सितंबर शनिवार को श्रीराधा अष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। महंतश्री ने जानकारी में बताया कि शनिवार 19 सितंबर को प्रातः 4:45 बजे मंगला आरती, प्रातः 5:15 बजे पंचामृत अभिषेक, सुबह 8 बजे श्रृंगार आरती, 8:15 बजे भगवान जगन्नाथ आरती, सुबह 9 बजे से संकीर्तन, 11 बजे से राधा रानी कथा, दोपहर 12:15 बजे महा आरती व पंजीरी पंचामृत वितरण तथा रात्रि 8 बजे से बधाई गान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डॉक्टर मनोहर शरण दास ने क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाए।

# भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर स्मृति गायन छठी प्रतियोगिता 28 को

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा 28 सितम्बर सोमवार को चौधरी नाथुराम भामु रोटरी भवन में भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर स्मृति गायन छठी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि संगीत क्षेत्र की उभरती महिला प्रतिभाओं के लिए लता मंगेशकर के जन्म दिवस पर हर वर्ष एक स्वस्थ एवं निःशुल्क प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। बताया गया है कि इसके ग्रुप-अ (18 वर्ष से कम) व ग्रुप-ब (18 वर्ष से अधिक) दो वर्ग बनाए गए है। दो ग्रुप में सिर्फ महिलाओं व युवतियों के लिए आयोजित होने वाली इस निःशुल्क प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया जायेगा तथा दोनों वर्गों में पहले तीन स्थानों पर रहने वाली प्रतिभागियों को क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके प्रोजेक्ट चैयरमेन पूर्व सह प्रान्तपाल रोटेरियन संजीव फ्रैंकलिन, को-चेयरमैन रोटेरियन गिरिराज कयाल व रोटेरियन पंकज सोनी नियुक्त किये गए है।

रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, सचिव मुकेश व्यास व सह प्रांतपाल शांति लाल सोनी ने युवाओं व युवतियों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। क्लब के सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

# अग्रवाल पैंथर्स की शानदार जीत, फाइनल मुकाबला आज



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अग्रवाल प्रीमियर लीग (एपीएल) 2026 का सेमीफाइनल मुकाबला रोमांच और शानदार क्रिकेट प्रदर्शन से भरपूर रहा। प्रवक्ता आयुष बजाज ने बताया कि अग्रवाल पैंथर्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अग्रवाल सुपरकिंग्स को 25 रनों से शानदार मात देकर प्रतियोगिता के दूसरे फाइनलिस्ट बनने का गौरव हासिल किया। मुकाबले के दौरान कई रोमांचक उतार चढ़ाव देखने को मिले। मैदान पर दर्शकों की भारी संख्या मौजूद रही और हर पल के साथ उनका उत्साह बढ़ता नजर आया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मुकाबले को आखिर तक रोमांचक बनाए रखा। रामू न्यारिया ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत के साथ अग्रवाल पैंथर्स ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बताया गया है कि फाइनल मुकाबला शनिवार 12 सितम्बर को अग्रवाल पैंथर्स बनाम अग्रवाल रॉयल्स के बीच शाम साढ़े 3 बजे कयाल काउंटी मैदान श्रीमाधोपुर पर खेला जाएगा।

# गर्भस्थ शिशु संरक्षण को लेकर संगोष्ठी आयोजित



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति द्वारा महिला समूह माडेता में बालिका संरक्षण एवं संवर्धन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पूनमचंद सारस्वत ने बताया कि संरक्षक करणीदान मंत्री के प्रयास से आयोजत कार्यक्रम में समिति के मंत्री राम प्रसाद शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को गर्भस्थ शिशु संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के लिए तथा सामाजिक कुरीतियों को त्यागने के लिए शपथ दिलाई। बालिकाओं के सफल जीवन के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं महिला समूह की महिलाएं मौजूद रहे।

# आज होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत निरस्त, अब 10 अक्टूबर को होगी

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीकर ने एक आदेश प्रसारित कर श्रीमाधोपुर में 12 सितंबर शनिवार को आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को निरस्त कर दिया है । तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर के सचिव बुद्धि प्रकाश सैनी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए आदेश में लिखा है कि 9 सितंबर व 11 सितंबर को आयोजित होने वाले नगरीय निकायों के आम चुनाव के कारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिक कुशल और बेहतर तरीके से आयोजित किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की तिथि 12 सितंबर के स्थान पर 10 अक्टूबर 2026 पुनर्निर्धारित की जाती है।

# बंगाली बाबा गणेश मंदिर में 13-14 सितंबर को मनेगा गणेश चतुर्थी महोत्सव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर में दो दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव 13 और 14 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति के मुख्य संरक्षक रघुवीर शरण अग्रवाल, अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष संजय पतंग वाला ने बताया कि 13 सितंबर को सुबह 9 बजे प्रथम पूज्य गणेशजी का पंचामृत अभिषेक होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे सिंदूर अर्पण तथा 11 बजे सौभाग्य देवी पूजन, चंद्रार्चन, मेहंदी व सौभाग्य अर्चन किया जाएगा। भक्तों को मेहंदी वितरित करने के साथ महिलाओं को मेहंदी भी लगाई जाएगी। महामंत्री गणेश लूनीवाल व कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल ने बताया कि 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर सुबह 5 बजे गणेशजी को मोदक अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 1 बजे महाआरती व बैंड वादन होगा तथा गणेशजी का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। शाम 6 बजे भजन संध्या में स्थानीय कलाकार भजनों के माध्यम से प्रथम पूज्य को रिझाएंगे। महोत्सव में श्रद्धालुओं के लिए 2500 किलो लड्डुओं की प्रसादी वितरित की जाएगी। इसके लिए करीब 1000 किलो चीनी, 400 किलो घी और 400 किलो बेसन का उपयोग किया जाएगा। मंदिर में आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# सोते समय मां और तीन बेटियों की पत्थर से वार कर हत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना इलाके की गोविंद वाटिका में गुरुवार देर रात एक परिवार में मां और उसकी तीन बेटियों की हत्या से सनसनी फैल गई। शुक्रवार सुबह घर में चार शव मिलने के बाद घटना का खुलासा हुआ। मृतकों की पहचान गीता झा उसकी बेटियां नंदनी, राधिका और गिरीश उर्फ गौरी के रूप में हुई है। चारों के सिर और चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को मौके से हत्या में इस्तेमाल किए गए दो पत्थर और खून से सने कपड़े मिले हैं। जयपुर पश्चिम डीसीपी प्रशांत किरण के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम को शुक्रवार सुबह गोविंद वाटिका स्थित प्लॉट नंबर ए-169 में चार शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। गीता का शव मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में मिला, जबकि तीनों बेटियों के शव ग्राउंड फ्लोर के दो अलग-अलग कमरों में मिले। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि चारों की सोते समय सिर पर भारी पत्थर से वार कर हत्या की गई।

## सुबह पिता को चाय पिलाई, फिर हुआ फरार

घर में 85 वर्षीय लक्ष्मीनाथ झा भी रहते हैं। पुलिस के अनुसार राहुल ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे दूधवाले से दूध लिया और पिता के लिए चाय बनाई। पिता को चाय पिलाने के बाद वह तैयार होकर घर से निकल गया और वापस नहीं लौटा। उसने अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ दिया और फोन बंद था। बाद में बुजुर्ग पिता ने घर में खून देखा और पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। पड़ोसियों ने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी।

## पत्नी ब्यूटी पार्लर, राहुल शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राहुल झा शेयर ट्रेडिंग का काम करता था जबकि गीता घर की पहली मंजिल पर ब्यूटी पार्लर चलाती थी। नंदनी पढ़ाई के साथ निजी नौकरी भी करती थी। राधिका 12वीं कक्षा और गिरीश उर्फ गौरी आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी। राहुल के पिता लक्ष्मीनाथ झा सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं और उन्हें पेंशन मिलती है। पड़ोसियों के अनुसार राहुल करीब तीन दिन पहले गुजरात से लौटा था। उसने एक पड़ोसी महिला से 50 हजार रुपए उधार मांगे थे, लेकिन उसे 25 हजार रुपए दिए गए थे। परिवार करीब छह साल पहले यह मकान खरीदकर यहां रहने लगा था। इससे पहले परिवार झोटवाड़ा में रहता था और वर्ष 2021 में गोविंदपुरी क्षेत्र में रहने लगा था।

## घरेलू विवाद की आशंका, पर परिजनों ने नकारा

पुलिस प्रारंभिक तौर पर घरेलू कलह समेत विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घर में जबरन प्रवेश के स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिले हैं और कीमती सामान भी सुरक्षित मिला है। राहुल के भाई संजय कुमार झा और भतीजे राज ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था। उन्होंने बताया कि राहुल करीब तीन दिन पहले घर आया था और उस समय सभी ने साथ बैठकर खाना भी खाया था। डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि बुजुर्ग लक्ष्मीनाथ झा की उम्र अधिक है और उन्हें सुनने में भी परेशानी है, इसलिए उनसे ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## अलग-अलग टीमें राहुल की तलाश में

घटना के बाद जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर किसी को अंदर नहीं जाने दिया। एफएसएल टीम ने खून से सने कपड़ों सहित अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। राहुल झा की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जो उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद ही हत्या की वजह पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 : युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत देश को 10 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जिसमें राजस्थान को गोल्डन वेस्ट रीजन में रखा गया है तथा इसकी मुख्य थीम मैन्युफैक्चरिंग, एंटरप्रेन्योरशिप एवं ग्रीन ग्रोथ निर्धारित की गई है। युवाओं का चयन माय भारत पोर्टल पर निःशुल्क 5 पारदर्शी चरणों के माध्यम से किया जाएगा विकसित भारत चैलेंज, सांस्कृतिक ट्रैक, डिज़ाइन फॉर भारत, हैकाथॉन, यंग एंटरप्रेन्योर्स एवं युवा संसद जैसे 6 प्रमुख ट्रैक्स के माध्यम से युवाओं को सीधे प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष अपने जिले एवं देश के विकास हेतु नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। माय भारत चूरू की जिला युवा अधिकारी स्नेहलता ने बताया कि 15 से 29 वर्ष के युवाओं को विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा व विचारों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त सरकारी एवं गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों तथा युवाओं से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# नोखा में रिकॉर्ड 75.76% मतदान, 38,257 मतदाताओं ने डाला वोट

## 104 वर्षीय पानी देवी ने किया मतदान, पुलिस-प्रशासन की व्यवस्था रही माकूल







श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव में शुक्रवार को नोखा शहर में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह मतदान शुरू होने के साथ ही शहर के अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लग गईं। शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक नोखा में 75.76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 50,500 मतदाताओं में से 38,257 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। कई केंद्रों पर सुबह के समय लंबी कतारें नजर आईं। दोपहर में भी मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ और शाम को मतदान समाप्त होने से पहले भी बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने पहुंचे।

### वार्ड 28 में ईवीएम खराब, करीब 50 मिनट प्रभावित रहा मतदान

मतदान के दौरान नोखा के वार्ड नंबर 28 स्थित सुथारों की स्कूल के बूथ नंबर 46 पर ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण करीब 50 मिनट तक मतदान शुरू नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार मतदान शुरू होने के समय मशीन के एक बटन में खराबी बताई गई। इसके चलते बूथ पर मतदान प्रक्रिया कुछ समय के लिए रुक गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। बीआरओ की ओर से बटन खराब होने को मशीन में आई समस्या का कारण बताया गया। करीब 50 मिनट बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर मशीन को मतदान के लिए चालू किया गया। बताया गया कि संबंधित बटन को टेप की सहायता से व्यवस्थित कर मतदान प्रक्रिया शुरू करवाई गई। मतदान दोबारा शुरू होने की जानकारी मिलते ही बूथ पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ गई। जिन मतदाताओं को मशीन खराब होने के कारण इंतजार करना पड़ा था, वे मतदान शुरू होने के बाद कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। ईवीएम में आई खराबी के चलते कुछ समय तक मतदान केंद्र पर लोगों में असमंजस की स्थिति भी बनी रही।

### 104 वर्षीय पानी देवी संचेती ने किया मतदान

नोखा के वार्ड नंबर 1 में लोकतंत्र के प्रति आस्था की अनूठी मिसाल देखने को मिली। 104 वर्षीय पानी देवी संचेती मतदान केंद्र पर पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका मतदान के प्रति उत्साह लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा। मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों ने भी उनके मतदान को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी का उदाहरण बताया। उनका मतदान अन्य मतदाताओं के लिए भी प्रेरणा का संदेश देता नजर आया।

### एक केंद्र पर बेटी, मां और नानी ने एक साथ किया मतदान

मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र पर तीन पीढ़ियों बेटी, मां और नानी ने एक साथ मतदान किया। तीनों एक ही मतदान केंद्र पर पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीन पीढ़ियों का एक साथ मतदान करना लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। यह तस्वीर लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी और मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देती नजर आई।

### पुलिस प्रशासन की व्यवस्था रही माकूल

निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर पुलिस जवान तैनात रहे और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतदान केंद्रों के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने और मतदान प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद नजर आए। कुल मिलाकर मतदान के दौरान पुलिस एवं प्रशासन की व्यवस्था माकूल रही तथा मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### चुनाव व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन रहा मुस्तैद

निकाय चुनाव के दौरान प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। मतदान कर्मियों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया की निगरानी को लेकर प्रशासनिक अमला सक्रिय रहा। बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान में आवश्यक सहयोग दिया गया। अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे और जहां भी कोई समस्या सामने आई, उसे दूर करने का प्रयास किया गया।

### वार्ड 45 में मीडिया कवरेज को लेकर पुलिस और मीडियाकर्मियों में बहस

मतदान के दौरान वार्ड नंबर 45 के एक मतदान केंद्र पर मीडिया कवरेज को लेकर पुलिस टीम और मीडियाकर्मियों के बीच बहस की स्थिति भी बनी। जिला कलेक्टर की ओर से मीडिया कवरेज के लिए जारी किए गए कार्ड के आधार पर मीडियाकर्मी मतदान केंद्र पर कवरेज के लिए पहुंचे थे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने मीडिया कवरेज को लेकर आपत्ति जताते हुए मीडियाकर्मियों को रोकने का प्रयास किया। इस पर मीडियाकर्मियों की ओर से जिला प्रशासन द्वारा जारी मीडिया कवरेज कार्ड का हवाला दिया गया। इसी बात को लेकर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और मीडियाकर्मियों के बीच कुछ देर बहस हुई। बाद में मामला शांत हुआ और मतदान प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रही।

### रिकॉर्ड मतदान ने बढ़ाई प्रत्याशियों की धड़कनें

नोखा में रिकॉर्ड मतदान के बाद अब प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने जीत-हार का गणित लगाना शुरू कर दिया है। मतदान समाप्त होते ही विभिन्न वार्डों में बूथवार मतदान प्रतिशत और संभावित वोटों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। कहीं अधिक मतदान को अपने पक्ष में बताया जा रहा है तो कहीं वोटों के बंटवारे को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। भाजपा और विकास मंच के बीच मुख्य मुकाबले वाले वार्डों में समर्थक देर शाम तक जीत के आंकड़े जोड़ते नजर आए।

### किसके पक्ष में गया रिकॉर्ड मतदान, मतगणना में खुलेगा राज

नोखा में 75 .76 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान ने चुनाव परिणाम को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। अधिक मतदान किस प्रत्याशी के पक्ष में गया और किसे इसका फायदा मिला, इसको लेकर फिलहाल राजनीतिक चर्चाओं का दौर जारी है। प्रत्याशी और उनके समर्थक अपने-अपने बूथों के आंकड़ों के आधार पर जीत के दावे कर रहे हैं। हालांकि वास्तविक तस्वीर मतगणना के बाद ही साफ होगी। शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में बंद हो गया। ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित कराया गया है। अब शहरवासियों, प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं। रिकॉर्ड मतदान के बाद नोखा के 45 वार्डों में कौन बाजी मारता है और किसके दावे सही साबित होते हैं, इसका फैसला मतगणना के बाद होगा।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा देकर 3.81 करोड़ की साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में कम समय में भारी मुनाफे का झांसा देकर 3 करोड़ 81 लाख 37 हजार 677 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने एक आरोपी को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) से गिरफ्तार किया है। केंद्रीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर की टीम ने आरोपी आलोक निवासी फैजाबाद को गिरफ्तार किया। पुलिस अब ठगी के पूरे नेटवर्क और रकम के मनी ट्रेल की जांच कर रही है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि परिवादी ने 5 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवादी ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश की जानकारी गूगल पर तलाश रहा था। इसी दौरान उसे सीएमसी फॉरेक्स/सीएमसी ग्लोबल सीएस के नाम से ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की जानकारी मिली। साइबर ठगों ने खुद को कंपनी के भारत स्थित कस्टमर केयर और मैनेजमेंट से जुड़ा बताते हुए टेलीग्राम के जरिए परिवादी से संपर्क किया। उसे कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा करवाई गई। शुरुआत में छोटी रकम पर रिटर्न देकर ठगों ने उसका विश्वास जीत लिया। इसके बाद परिवादी ने बड़ी रकम निवेश करना शुरू कर दिया और देखते ही देखते उससे कुल 3,81,37,677 रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने प्रतिष्ठित विदेशी ट्रेडिंग कंपनी सीएमसी का प्रतिरूपण कर उससे मिलती-जुलती वेबसाइट और फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया था। टेलीग्राम के जरिए परिवादी को विभिन्न कंपनियों में निवेश के निर्देश दिए जाते रहे। फर्जी ट्रेडिंग अकाउंट में निवेश की रकम के मुकाबले लगातार बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाया जाता था। जब परिवादी ने रकम निकालने का प्रयास किया तो ठगों ने इनकम टैक्स, करेंसी एक्सचेंज फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट और मार्जिन गारंटी सहित अलग-अलग शुल्क के नाम पर अतिरिक्त रकम मांगनी शुरू कर दी। हर बार भुगतान के बाद नई शर्त या शुल्क बताकर फिर रकम जमा करवाई गई। इस तरह करोड़ों रुपए की ठगी कर ली गई, जबकि खाते में दिख रहा मुनाफा वास्तविक नहीं था। पुलिस की जांच में एक लाभार्थी बैंक खाते का संबंध शिव बेकर्स एंड फास्ट फूड से सामने आया है। इस खाते में परिवादी से ठगी किए गए 20 लाख रुपए पहुंचे थे। बैंक रिकॉर्ड और मनी ट्रेल के आधार पर पुलिस अब यह पता लगा रही है कि ठगी की रकम आगे किन-किन खातों में पहुंचाई गई और इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### बैंक खाते उपलब्ध कराने की भूमिका सामने आई

बैंक रिकॉर्ड और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी आलोक की पहचान हुई। अनुसंधान में उसकी भूमिका साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किए गए लाभार्थी बैंक खाते से जुड़ी सामने आई है। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खाते और वित्तीय माध्यम का इस्तेमाल ठगी की रकम प्राप्त करने तथा आगे ट्रांसफर करने में किया गया। मामले में सीडीआर, सीएएफ, आईपीडीआर और बैंकिंग ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है। पुलिस ठगी की रकम की पूरी मनी ट्रेल खंगालने के साथ नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान में जुटी है। कार्रवाई उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम शान्तनु कुमार सिंह के निर्देशन में केंद्रीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर के थानाधिकारी एवं उप अधीक्षक पुलिस गजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने की। टीम में पुलिस निरीक्षक राधेश्याम, कांस्टेबल मनोज सामोता, कृष्ण यादव और कांस्टेबल चालक सुबे सिंह शामिल रहे।



# अलवर में तेज बारिश, सड़कें डूबीं

## जयपुर सहित 22 जिलों में बरसात का अलर्ट

## 15 सितंबर तक एक्टिव रह सकता है मानसून



जयपुर।

राजस्थान में मानसून एक फिर से एक्टिव हो गया है। अलवर में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम बदला और तेज बारिश हुई। बरसात से कई इलाकों में पानी भर गया। जयपुर में भी शाम को कई इलाकों में बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम के असर से राज्य में मानसून की बारिश हो रही है। बारिश का ये दौर 15 सितंबर तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने 12 सितंबर को 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया। पिछले 24 घंटे में मौसम साफ रहा। सभी शहरों में गुरुवार को दिनभर तेज धूप रही और तापमान में बढ़ोतरी हुई। 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

### मौसम की बड़ी अपडेट्स

**सामान्य से ऊपर रहेगा तापमान:** मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें 24 सितंबर तक प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज होने की संभावना जताई है। वहीं, पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान में बारिश का दौर चलने की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

### राजस्थान के प्रमुख शहरों में मौसम का हाल

**जयपुर:** गुरुवार सुबह से देर शाम तक आसमान साफ रहा। दिन में तेज धूप रहने से यहां अधिकतम तापमान में 1 डिग्री तक बढ़ोतरी दर्ज हुई। दिन का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने जयपुर में 12 सितंबर से बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई है।

**उदयपुर:** गुरुवार सुबह से ही तेज धूप रही। लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। बाजार में इसका असर दिखाई दिया। तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**कोटा:** गुरुवार को दिनभर धूप खिली रही। लगातार चौथे दिन बारिश नहीं हुई। तापमान में भी ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम में बदलाव से लोग गर्मी व उमस से परेशान रहे।

**अलवर:** गुरुवार को सुबह से मौसम सामान्य रहा। दोपहर में धूप खिलने से गर्मी का असर बना रहा। अधिकतम तापमान करीब 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन मौसम साफ रहने की संभावना है। इसके बाद 13 सितंबर से मौसम में बदलाव हो सकता है।

**सीकर:** गुरुवार सुबह से धूप खिली रही। सीकर जिला मुख्यालय समेत जिलेभर में कहीं बारिश नहीं हुई। 3 दिन पहले हुई बारिश के बाद अब आसमान में बादल छंट चुके हैं। फिलहाल अगले 24 घंटे तक बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री दर्ज किया गया है।

**अजमेर:** मानसून की गतिविधियां कमजोर रहने से गुरुवार को भी बारिश नहीं हुई। सुबह से धूप निकलने के कारण दिनभर गर्मी और उमस का असर रहा। अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**जोधपुर:** गुरुवार को गर्मी का असर बना रहा। सुबह से ही धूप खिली जिससे उमस बनी रही। अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है।

# राहुल बोले- शिक्षा व्यवस्था से भारतीय युवा निराश

## इंदौर में छात्रों की गूंज से 8 दिन पहले सुझाव मांगे; अब तक 4 बार छात्रों से बात कर चुके

नई दिल्ली

राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था पीढ़ी को निराश कर रही है, जिसे बेहतर भविष्य देने के लिए बनाया गया था। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से पूछा कि उनका शिक्षा व्यवस्था से भरोसा क्यों उठ गया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की शुरुआत उन लोगों की बात सुनने से होगी, जो रोजाना इसकी कमियों का सामना कर रहे हैं।

राहुल ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से अपने अनुभव, सबूत और सुझाव ऑनलाइन साझा करने को कहा। राहुल ने यह बात छात्रों की गूंज के 8 दिन पहले की है। इसका आयोजन 19 सितंबर को मध्य प्रदेश के इंदौर में होगा। अब तक तक कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे में 4 कार्यक्रम कर चुके हैं।



### इंदौर में कार्यक्रम की अनुमति अब तक नहीं मिली

इंदौर में कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस और प्रशासन के बीच अनुमति का मुद्दा बना हुआ है। कांग्रेस पिछले 11 दिन से अनुमति के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए कलेक्टर, नगर निगम, पुलिस और इंदौर विकास प्राधिकरण के स्तर पर आवेदन और प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस का कहना है कि अनुमति मिले या नहीं, कार्यक्रम होकर रहेगा। वहीं प्रशासन का कहना है कि अनुमति निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था के आधार पर दी जाएगी।

# पायलट बोले- आप सरकार में ड्रग्स रोकने की इच्छाशक्ति नहीं

जयपुर।

पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने आम आदमी पार्टी सरकार, भाजपा और अकाली दल पर जमकर हमला बोला। जयपुर में मीडिया से बातचीत में पायलट ने कहा- पंजाब सिर्फ कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है। यह बॉर्डर स्टेट है। अगले साल यहां विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने मुझे पंजाब चुनाव की जिम्मेदारी दी है। पायलट ने कहा- मैंने पिछले 2-3 दिनों में पंजाब के लगभग सभी नेताओं से मुलाकात की है।

जल्द ही पंजाब जाकर औपचारिक चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। पायलट ने कहा- पंजाब में जब आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी तो उसे ऐतिहासिक बहुमत मिला था। लेकिन साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने सिर्फ अपनी पार्टी की राजनीतिक लीडरशिप को संरक्षण देने, मदद करने और प्रोटेक्ट करने का काम किया। प्रदेश की जनता को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया।

उन्होंने कहा- पंजाब में आज सबसे बड़ा मुद्दा ड्रग्स का है। खुलेआम बने ड्रग्स के गिरोह को तोड़ने की सरकार में न तो इच्छाशक्ति दिखाई दी और न ही अब तक इसे खत्म करने के लिए प्रभावी काम हुआ है। अब जब सरकार का कार्यकाल खत्म होने वाला है तो नशामुक्त पंजाब बनाने के बड़े-बड़े वादे किए जा रहे हैं।

### 4 साल में पंजाब सरकार ने नेताओं को संरक्षण दिया; बीजेपी-अकाली गठबंधन से मुकाबला नहीं

### पंजाब के नौजवानों को अंधकार में धकेलने की जिम्मेदारी किसकी

पायलट ने केंद्र सरकार को भी ड्रग्स के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा- केंद्र में 12 साल से बीजेपी सरकार है और देश में ड्रग्स कहीं न कहीं से आती है। बॉर्डर किसके पास है। गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय किसके पास है। देश में 21 हजार करोड़ रुपए की कोकीन पकड़ी गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स पहुंच रहा है। पायलट ने कहा- खतरनाक केमिकल ड्रग्स युवाओं तक पहुंच रहे हैं। इसके वीडियो देखकर मन दहल जाता है। सत्ता में बैठे लोगों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं का जीवन बेहतर बनाएं। पंजाब में कांग्रेस के प्रमुख मुद्दे लॉ एंड ऑर्डर, ड्रग्स और बेरोजगारी होंगे।

# विद्यार्थियों ने किया व्यावसायिक भ्रमण



निसं

**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए सोनाली ब्यूटी पार्लर दांता में व्यावसायिक भ्रमण के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद एवं व्याख्याता गंगादयाल मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ब्यूटी एवं वेलनेस क्षेत्र में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें व्यावहारिक रूप से समझा। इस अवसर पर सोनाली ब्यूटी पार्लर की अनिता कुमावत द्वारा छात्राओं को ब्यूटी पार्लर में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों एवं सौंदर्य प्रसाधन से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने छात्राओं को आवश्यक सावधानियों, कार्य करने की विधि तथा इस क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में रुचि लेते हुए व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। विद्यालय की ओर से मुकेश कुमार, दशरथ सिंह शेखावत, हंसा एवं जया विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे तथा उन्होंने भ्रमण के उद्देश्य एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। विद्यालय स्टाफ ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक एवं व्यावसायिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है तथा वे भविष्य में अपनी रुचि एवं कौशल के अनुसार रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र का चयन करने में सक्षम बनते हैं। सोनाली ब्यूटी पार्लर की ओर से छात्राओं को प्रशिक्षण एवं भ्रमण का अवसर प्रदान करने पर विद्यालय परिवार ने अनिता का आभार व्यक्त किया।

# डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर खाते खाली कर रहे साइबर ठग

## फर्जी सीबीआई-ईडी अधिकारी बनकर भेजते हैं वारंट-नोटिस

**जयपुर (नवयत्न)।** साइबर ठग अब डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर सेवानिवृत्त अधिकारियों, डॉक्टरों, प्रोफेसरों और वरिष्ठ नागरिकों की जिंदगीभर की जमा पूंजी पर हाथ साफ कर रहे हैं। ठग खुद को सीबीआई, ईडी, एटीएस, कस्टम, आरबीआई या अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर फोन और वीडियो कॉल करते हैं। इसके बाद फर्जी वारंट, सम्मन और नोटिस भेजकर पीड़ित को गिरफ्तारी का डर दिखाते हैं और कथित वेरिफिकेशन के नाम पर बैंक खातों से रकम ट्रांसफर करवा लेते हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि संदिग्ध पुलिस, न्यायालय अथवा जांच एजेंसी के नोटिस की वास्तविकता जांचने के लिए सीबीआई ने अभय पोर्टल शुरू किया है। एआई आधारित यह चैटबॉट संदिग्ध नोटिस और फर्जी वारंट की सत्यता जांचने में सहायता करता है।

**आधार-सिम के दुरुपयोग का डर दिखाते हैं**-ठग फोन, वाट्सएप या वीडियो कॉल के जरिए संपर्क कर खुद को एटीएस, सीबीआई, आरबीआई, एनआईए या अन्य एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। पीड़ित को कहा जाता है कि उसके आधार कार्ड, बैंक खाते या सिम का इस्तेमाल किसी अवैध गतिविधि में हुआ है। इसके बाद हवाला लेन-देन, आतंकवाद की फंडिंग या मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने और गिरफ्तारी की धमकी दी जाती है। पीड़ित को सिग्नल, टेलीग्राम या अन्य एप डाउनलोड करवाकर लगातार वीडियो कॉल पर रहने के लिए मजबूर किया जाता है। इस दौरान उसे परिवार या किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क तक नहीं करने दिया जाता।

**फर्जी पुलिस स्टेशन दिखाकर करते हैं भयभीत**-वीडियो कॉल पर ठग पुलिस स्टेशन या सीबीआई कार्यालय जैसा सेटअप दिखाते हैं। कई बार वर्दी पहने व्यक्ति भी स्क्रीन पर नजर आता है। इसके बाद वाट्सएप पर फर्जी गिरफ्तारी वारंट, न्यायालय या आरबीआई के नोटिस भेजे जाते हैं। पीड़ित को यह भी बताया जाता है कि उसके घर के बाहर सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात हैं।

**वेरिफिकेशन के नाम पर पूरी रकम ट्रांसफर**-डिजिटल अरेस्ट के दौरान ठग पीड़ित से बचत खाते, एफडी और अन्य वित्तीय संसाधनों की जानकारी हासिल करते हैं। फिर पूरी रकम को अपराध से अर्जित धन बताते हुए कथित वेरिफिकेशन के नाम पर उनके बताए बैंक खाते में ट्रांसफर करवाते हैं। रकम जांच पूरी होने के बाद वापस करने का भरोसा दिया जाता है। पैसा खाते में पहुंचते ही उसे एटीएम, चेक या क्रिप्टोकरेंसी के जरिए दूसरे खातों में भेज दिया जाता है।

# मुकाम आमसभा में सामाजिक विकास और शिक्षा पर जोर, आसोज मेले की व्यवस्थाओं को लेकर बनी रणनीति

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा (नवयत्न)।** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा संस्थान मुकाम की आमसभा की बैठक महासभा के प्रधान देवेंद्र बूड़िया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महासभा की पिछली कार्यवाही, आय-व्यय विवरण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा आगामी आसोज मेले की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए। महासभा के महासचिव रूपाराम कालीराणा ने पिछली कार्यवाही सदन के समक्ष पढ़कर सुनाई, जिसे सदन से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही महासभा का आय-व्यय विवरण लिखित रूप में सदन के सदस्यों के बीच वितरित किया गया और चर्चा के बाद उसे पारित किया गया।

### इमरजेंसी रास्ता खुला रखने का निर्णय

बैठक में मेला परिसर में एक इमरजेंसी रास्ता खुला रखने पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात परिस्थिति में उसका उपयोग किया जा सके। मंदिर परिसर को व्यवस्थित एवं खुला रखने तथा वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा करवाने की बात कही गई।

### जयपुर धर्मशाला निर्माण में सहयोग की अपील

महासभा के प्रधान देवेंद्र बूड़िया ने समाज के भामाशाहों, प्रबुद्धजनों, युवाओं और समाज के सभी लोगों से निर्माण कार्यों में सहयोग करने की अपील की।
उन्होंने बताया कि जयपुर धर्मशाला का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है और इसके लिए समाज के प्रत्येक घर से सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मुकाम में महासभा की करीब 15 बीघा खरीदी गई भूमि पर चारदीवारी एवं समतलीकरण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा महासभा परिसर में सेवकदल भोजनशाला, टीन शेड तथा 218 गुणा 100 फीट के हॉल के निर्माण कार्य भी प्रगति पर हैं।

### सामाजिक विकास के साथ शिक्षा को बताया जरूरी

प्रधान देवेंद्र बूड़िया ने कहा कि समाज के विकास के लिए केवल भवन और अन्य निर्माण कार्य पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि शिक्षा को भी समान प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि श्री गुरु जम्भेश्वर संस्थान भवन दिल्ली, बिश्नोई धर्मशाला और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी



परिणाम उत्साहजनक रहा और समाज के कई विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। वर्तमान में भी छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास जारी हैं।

### हर व्यक्ति विकास में भागीदारी निभाए

बूड़िया ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि सामाजिक विकास और उत्थान के कार्यों में हर व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए दान एवं सहयोग की आवश्यकता है। समाज के भामाशाह आगे आकर सहयोग करें, ताकि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके। बैठक के अंत में महासभा के महासचिव रूपाराम बिश्नोई ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में आसोज मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन एवं सेवकदल के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा सामाजिक विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास जारी रखने पर सहमति बनी।

### आसोज मेले की व्यवस्थाओं पर मंथन

बैठक में आगामी आसोज मेले को लेकर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, ट्रैफिक, बिजली, पानी और चिकित्सा जैसी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए प्रशासन, पुलिस एवं सेवकदल के सहयोग से व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संचालित किया जाना आवश्यक है। राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश भादू, नोखा ने कहा कि महासभा के पदाधिकारी, सदस्य और सेवकदल प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मंदिर परिसर, मेला सभा स्थल, हवन कुंड, मेला बाजार, यातायात व्यवस्था एवं समराथल सहित सभी प्रमुख स्थानों पर व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे। बैठक में ओमप्रकाश खीचड़, राधेश्याम गोदारा, सूरजभान गोदारा, किशन खिलेरी, निहालचंद खीचड़, रविन्द्र बिश्नोई, रामलाल बिश्नोई, फग्लूराम, हरिसिंह मांजू, सुशील भादू, हनुमानप्रसाद मुकाम तथा राजाराम गोदारा सहित कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मेला व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव दिए।

# मतदाता को रोकने पर प्रत्याशी और मतदाता में विवाद, कुछ देर बाधित रहा मतदान

## कुल मतदान 74.08 प्रतिशत, वार्ड 2 में सबसे कम तो वार्ड 24 में सबसे अधिक

निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** नगरपालिका आम चुनाव के तहत शुक्रवार को बीदासर में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हालांकि मतदान के दौरान वार्ड नंबर 1 में एक मतदाता को मतदान से रोके जाने को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी और मतदाता के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद कुछ देर के लिए मतदान प्रक्रिया प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। इसके बाद मतदान प्रक्रिया पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 के मतदान केंद्र पर मतदाता सूची में क्रमांक 353 पर दर्ज मालाराम मतदान करने पहुंचे थे। इसी दौरान निर्दलीय प्रत्याशी हुक्मीचंद गुर्जर ने उन्हें मतदान करने से रोक दिया। प्रत्याशी का कहना था कि संबंधित मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया जा चुका है, इसके



बावजूद वह मतदान के लिए पहुंचा था। इसी बात को लेकर प्रत्याशी और मतदाता के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया बाधित रही। सूचना मिलते ही तहसीलदार इंद्राज बारूपाल और डीएसपी सुखदेव चारण मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई।

### 34 वार्डों में हुआ मतदान

निर्वाचन अधिकारी अमीलाल यादव के अनुसार बीदासर कस्बे में कुल 30,516 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 21,935 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार नगरपालिका क्षेत्र में कुल 74.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

एक वार्ड में प्रत्याशी के निर्विरोध निर्वाचन के कारण शेष 34 वार्डों में मतदान हुआ।

### वार्ड 24 में सर्वाधिक, वार्ड 2 में सबसे कम मतदान

मतदान प्रतिशत के आंकड़ों के अनुसार दिए गए वार्डवार आंकड़ों में वार्ड नंबर 24 में सबसे अधिक 93.18 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यहां 880 मतदाताओं में से 820 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं वार्ड नंबर 2 में सबसे कम 48.61 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां 1119 मतदाताओं में से 544 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा वार्ड नंबर 10 में 87.11 प्रतिशत, वार्ड 12 में 85.61 प्रतिशत, वार्ड 11 में 84.78 प्रतिशत तथा वार्ड 9 में 84.58 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### मतदान के बाद परिणाम को लेकर बढ़ी उत्सुकता

मतदान समाप्त होने के साथ ही अब प्रत्याशियों और समर्थकों की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिक गई हैं। 34 वार्डों में हुए मतदान में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच मुकाबला रहा। मतदान प्रतिशत और वार्डवार मतदाताओं की भागीदारी के बाद प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में जीत के दावे करते नजर आए। अब मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा कि बीदासर की जनता ने स्थानीय निकाय की कमान किसके हाथों में सौंपी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पातुसरी
## पंचायत समिति-झुंझुनू

क्रमांक:- 109/2026 दिनांक :- 11.09.2026

**निविदा सूचना - 09/2026-2027**

ग्राम पंचायत पातुसरी में राज्य वित्त आयोग षष्ठम मद योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्य ग्राम मालसर में मेघवाल बस्ती, देवी वाली गुवाड़ी, ब्राह्मण बस्ती, जाट बस्ती में LED लाइट लगाने का कार्य को सम्पादित करने हेतु इच्छुक संवेदकों एवं प्राधिकृत फर्मों से दिनांक 18.09.2026 को 12 बजे दोपहर तक निविदा

(Work Tendor) आमंत्रित की जाती है निविदा से संबधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में ग्राम पंचायत पातुसरी के कार्यालय http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक — ग्राम पंचायत पातुसरी
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत पातुसरी



## कार्यालय ग्राम पंचायत पातुसरी
## पंचायत समिति-झुंझुनू

क्रमांक:- 108/2026 दिनांक :- 11.09.2026

**निविदा सूचना - 08/2026-2027**

ग्राम पंचायत पातुसरी में राज्य वित्त आयोग षष्ठम मद योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्य ग्राम पातुसरी में बाकरा रोड, देवीपुरा रोड वाली बस्ती में LED लाइट लगाने का कार्य को सम्पादित करने हेतु इच्छुक संवेदकों एवं प्राधिकृत फर्मों से दिनांक 18.09.2026 को 12 बजे दोपहर तक निविदा(Work Tendor) आमंत्रित की जाती है निविदा से संबधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में ग्राम पंचायत पातुसरी के कार्यालय http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक — ग्राम पंचायत पातुसरी
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत पातुसरी


# बुहाना में 84.01 प्रतिशत बंपर मतदान

## वार्ड 4 में सबसे ज्यादा 92.84 फीसदी वोटिंग

### वार्ड 6 में सबसे कम 77.23 मतदान

मधु दहिया

**बुहाना (नवयत्न)।** बुहाना नगरपालिका चुनाव में शुक्रवार को मतदाताओं ने जमकर उत्साह दिखाया। शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने तक कस्बे में 84.01 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। कुल 8,128 मतदाताओं में से 6,828 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान प्रक्रिया पूरे दिन शांतिपूर्ण रही। वार्डवार मतदान की बात करें तो वार्ड 4 में सबसे ज्यादा 92.84 प्रतिशत वोटिंग हुई। यहां कुल 363 मतदाताओं में से 337 ने वोट डाला। इसके बाद वार्ड 16 में 430 में से 385 वोट यानी 89.53 प्रतिशत, वार्ड 2 में 366 में से 322 वोट यानी 87.98 प्रतिशत, वार्ड 20 में 303 में से 265 वोट यानी 87.46 प्रतिशत, वार्ड 7 में 422 में से 369 वोट यानी 87.44 प्रतिशत, वार्ड 15 में 504 में से 440 वोट यानी 87.30 प्रतिशत और वार्ड 3 में 634 में से 551 वोट यानी 86.91 प्रतिशत मतदान हुआ। वार्ड 1 में कुल 455 मतदाताओं में से 387 ने वोट डाला, यहां मतदान 85.05 प्रतिशत रहा। वार्ड 14 में 305 में से 258 वोट 84.59 प्रतिशत, वार्ड 18 में 367 में से 309 वोट 84.20 प्रतिशत, वार्ड 10 में 358



में से 300 वोट 83.80 प्रतिशत, वार्ड 12 में 358 में से 299 वोट 83.52 प्रतिशत और वार्ड 11 में 607 में से 503 वोट 82.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वार्ड 5 में 491 मतदाताओं में से 397 ने वोट डाला, यहां मतदान 80.86 प्रतिशत रहा। वार्ड 9 में 407 में से 327 वोट 80.34 प्रतिशत और वार्ड 19 में 245 में से 196 वोट 80 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं वार्ड 17 में 278 में से 219 वोट 78.78 प्रतिशत, वार्ड 13 में 412 में से 324 वोट 78.64 प्रतिशत, वार्ड 8 में 318 में से 250 वोट 78.62 प्रतिशत और वार्ड 6 में 505 में से 390 वोट 77.23 प्रतिशत मतदान हुआ। वार्ड 6 कस्बे में सबसे कम मतदान वाला वार्ड रहा।

### आखिरी घंटों में बढ़ा मतदान

सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। दोपहर बाद मतदान में तेजी आई। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया। कई वार्डों में अंतिम घंटों में मतदान प्रतिशत में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली।

### अब 14 सितंबर को खुलेगा परिणाम का पिटारा

मतदान खत्म होने के बाद सभी ईवीएम को सील कर सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में पहुंचाया गया। मतदान के बाद प्रत्याशियों और समर्थकों में जीत-हार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब सभी की नजरें 14 सितंबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। इसी दिन बुहाना नगरपालिका के वार्डों के परिणाम के साथ अध्यक्ष पद की तस्वीर भी साफ होगी।

# रामदेवरा धाम के लिए पैदल यात्रियों का जत्था रवाना

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय वाल्मीकि बस्ती स्थित बाबा लक्कड़नाथ की बगीची से रामदेवरा के लिए पैदल यात्रियों का जत्था धूमधाम से रवाना हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी पैदल यात्रियों को बाबा बुधनाथ, भाजपा नेता रतनलाल नायक ने रवाना किया। भक्त डीजे पर चल रहे भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे। पैदल यात्री जत्थे में संजय बारवासा, प्रेमचंद हठवाल, रवि हठवाल, मुकेश सियोता, नोरतन पंवार, हंसराज पंवार, सूरज तेजस्वी, सुमित लाखन, मुकेश जावा, पवन ढ़ेनवाल, गोविंद तेजस्वी, पृथ्वीराज लाखन, सूरज गोयल, मुकेश गोयल, भागीरथ तेजस्वी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामदेवरा धाम के लिए रवाना हुए।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस, जिला-सीकर (राज.)

SR.NO. :- का.प्रा.अधि.न.क्षे. (न.पा.) रींगस/2026-27/2343 DATE: 10/09/2026

**लोक सूचना**

निम्न खातेदार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (व्यावसायिक) प्रयोजनार्थ करवाने हेतु निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत किया है :-

| क्र.सं | आवेदक का नाम व पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री धर्मपाल सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह निवासी-भोपतपुरा | जिला सीकर तहसील रींगस पटवार हल्का- मालाकाली | राजस्व ग्राम भोपतपुरा | खसरा नं 3395/1472 का 0.0037 हैक्टर एवं खसरा नं. 3482/3389 रकबा 0.1472 हैक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.1509 हैक्टर अर्थात 1509 वर्गमीटर | कुल किता 02 कुल रकबा 0.1509 अर्थात 1509 वर्गमीटर एवं (व्यावसायिक) प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की भारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा किया। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10/09/2026 को जारी की गयी।

**महेश ओला**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस**

# निकाय चुनाव : 194 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर शहर के 45 वार्डों में मतदान छुट पुट घटनाओं के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। शहर में कुल 74.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह मतदान शुरू होने के साथ ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखने को मिली। दिनभर मतदान केंद्रों पर पुलिस एवं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई। रिटर्निंग अधिकारी मिथलेश कुमार और तहसीलदार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निर्वाचन अधिकारी मिथलेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका के 45 वार्डों में 63 बूथों पर पुरुष मतदाता 29752 व महिला मतदाता 28328 तथा 1 ट्रांसजेंडर सहित कुल मतदाता 58081 है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7 बजे शुरू हुआ मतदान में 10 बजे तक 24.47, एक बजे तक 49.36, 3 बजे तक 61.20 व 6 बजे तक 74.87 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान वार्ड संख्या 40 में 86.82 व सबसे कम मतदान वार्ड संख्या 14 62.02 प्रतिशत हुआ। इसी के साथ पार्षद पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे 194 प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य अब ईवीएम में बंद हो गया है। मतदान के दौरान पूरे दिन पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। मतदान समाप्त होने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ईवीएम मशीनों को सील कर सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया गया। स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिक गई हैं। नगर निकाय चुनाव की मतगणना एवं परिणाम 14 सितंबर को घोषित किए जाएंगे। परिणाम आने तक प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने वार्ड में मतदान के आंकड़ों और जीत-हार के समीकरणों का आकलन करते नजर आएंगे।

### कई बूथों पर हुई समर्थकों में झड़प

नगर निकाय चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 21 के मतदान केंद्र संख्या 31 पर पुलिस और कांग्रेस नेताओं व प्रत्याशियों के बीच बहस का मामला सामने आया। कांग्रेस प्रत्याशी सुशील कुमार ने आरोप लगाया कि उन्हें पोलिंग बूथ के अंदर जाने से रोका गया, प्रशासन की ओर से 200 मीटर की सीमा का हवाला दिया गया। इसके बाद कांग्रेस विधायक के बेटे महेंद्र गोदारा के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस के साथ तीखी बहस होने की बात सामने आई। भाजपा प्रत्याशी जुगल किशोर प्रजापत ने भी मौके पर हंगामे का आरोप लगाया। पुलिस जाब्ते और प्रशासन ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया, मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं वार्ड संख्या 28 के बूथ महादेव जालान राउमावि में फर्जी वोट डालने पर हल्की नोकझोक सहित कई वार्डों में समर्थकों के माहुली झड़प होने की शहर में चर्चा रही।

### ईवीएम मशीन बदली

शहर के बूथ संख्या 32 पर दो दफा ईवीएम मशीन खराब होने से मतदान प्रभावित हुआ। सुबह सात बजे छह मतदाताओं के द्वारा वोट देने के बाद ईवीएम खराब हुई थी, जो करीब आधे घंटे बाद दुरुस्त हुई, तो वहीं उसके बाद करीब 10 बजे पुन: ईवीएम मशीन खराब हो गई। इस दौरान शहर के वार्ड संख्या 23 के 333 मतदाताओं ने ही अपने मत का प्रयोग किया था। डेढ़ घंटे बाद जब रिजर्व में रखी मशीन बूथ पर लाई गई तथा दो घंटे बाद मतदान प्रक्रिया को पुन: शुरू किया गया। इस दौरान मत डालने के लिए आई महिलाओं के विरोध का सामना मतदानकर्मियों को करना पड़ा। शहर के वार्ड 23 के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गौरीसरियो की ढाणी में बूथ बनाया गया है, जहां पर एक हजार 215 मतदाता पंजीकृत है।

## लूटपाट-तोड़फोड़ का मुख्य आरोपी आठ माह बाद गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने मानसरोवर स्थित शिप्रा बैंक्वेट हॉल एवं मैरिज गार्डन में दिनदहाड़े तोड़फोड़, लूटपाट और चोरी के मामले में 8 माह से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी मुख्य आरोपी प्रदीप शर्मा निवासी ओधव जिला अहमदाबाद को गिरफ्तार किया है। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि आरोपी प्रदीप शर्मा के खिलाफ शिप्रापथ थाने में मुकदमा दर्ज था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। जिस पर थानाधिकारी हितेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता और आसूचना के आधार पर आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया। कार्रवाई में कांस्टेबल छोटू राम की विशेष भूमिका रही। टीम में कांस्टेबल मंगलज, प्रभास, जयदेव और नारायण शामिल रहे। थानाधिकारी हितेश शर्मा के अनुसार परिवादी वरिष्ठ नागरिक सुरेश नरुला ने रिपोर्ट में बताया कि 3 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे वह और उनकी पत्नी कामना नरुला आवश्यक कार्य से बस्सी गए हुए थे। इसी दौरान पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि करीब 50-60 लोग जेसीबी लेकर शिप्रा बैंक्वेट हॉल में घुस आए हैं और तोड़फोड़ व लूटपाट कर रहे हैं। सुरेश नरुला ने पुलिस सहायता के लिए 100 नंबर पर सूचना दी, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आरोपियों ने परिसर में भारी तोड़फोड़ कर उसे मलबे में तब्दील कर दिया। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने परिसर से 20 एसी, 500 कुर्सियां, 350 सोफे, 500 बिस्तर, 300 कैटरिंग टेबल, 80 भगोने, 40 भट्टियां, 10 झूले, दो वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडर, कटर, कार्यालय के दस्तावेज, 50 लाइट के तार के बंडल, 150 ट्यूबलाइट, 185 बेडशीट, फूल व टेंट हाउस का सामान, 20 सिलेंडर, 100 टीन शेड और लोहे के पाइप सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया या चोरी किया। इसके अलावा 1.50 लाख रुपए नकद भी ले जाने का आरोप है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में तोड़फोड़ में इस्तेमाल जेसीबी का नंबर सामने आया था। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे पूछताछ करेगी।

## खोले के हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनेगा त्रिदिवसीय गणेश महोत्सव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री खोले के हनुमानजी मंदिर में हर वर्ष की भांति तीन दिवसीय गणेश महोत्सव के तहत रविवार को नृत्यगोपाल गणेशजी का सिंजारा पर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को मेहंदी प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मंदिर प्रांगण में भगवान नृत्यगोपाल गणेशजी का भव्य पूजनोत्सव मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी के दिन प्रात: काल में ही 51 किलो दूध से भगवान श्री गणेशजी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात नवगृह पूजन, मातृका पूजन किया जाएगा। प्रात: काल भगवान श्री गणेशजी को 111 किलो लड्डुओं के भोग की मनोहारी झांकी सजाई जाएगी एवं महाआरती का आयोजन होगा। विघ्नहर्ता गणेशजी के जन्मोत्सव पर नृत्यगोपाल गणेशजी को 11 हजार विभिन्न तरह के मोदकों का प्रसाद चढ़ाया जाएगा, जिनमें 1100 मोदक भगवान श्री गणेशजी की 1008 नामावली से अभिमंत्रित किए जाएंगे। दूसरे दिन ऋषि पंचमी 15 सितंबर के पावन पर्व पर पंडित राधेलाल चौबे वेद विद्यालय में नवीन प्रवेशित वैदिक बटुकों का पवित्र यज्ञोपवीत संस्कार, हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, ऋषि तर्पण, गायत्री पूजन, हवन एवं नवीन यज्ञोपवीत धारण कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न होंगे।

## सरकारी मशीनरी से लोकतंत्र पर प्रहार कर रही भाजपा : डोटासरा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर निकाय चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और प्रत्याशियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान में भी गुजरात मॉडल लागू करना चाहती है, जिसका मतलब जनप्रतिनिधियों को डराना-धमकाना, दबाव में लाना और भाजपा में शामिल करना है। डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार के कामकाज के आधार पर वोट मांगने के बजाय प्रशासन का दुरुपयोग कर निकाय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को डराने-धमकाने में जुटी है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा को ऐसा क्या डर है कि प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी और खरीद-फरोख्त की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के प्रति आम जनता में रोष है और कांग्रेस निकाय चुनाव में जीत की स्थिति में है। इसी कारण भाजपा हार के डर से बौखला गई है और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। डोटासरा ने कहा कि सभापति का चुनाव 21 सितंबर को होना है, इसके बावजूद भाजपा सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर अधिकारियों के माध्यम से अभी से प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी करवा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जिला अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निकाय चुनाव में जीत की संभावना रखने वाले निर्दलीय और अन्य प्रत्याशियों को चिन्हित किया जाए तथा उन पर दबाव बनाकर भाजपा की बाड़ेबंदी में पहुंचाया जाए। डोटासरा ने इसे लोकतंत्र और लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस कथित अलोकतांत्रिक षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जनता अपने मताधिकार से फैसला करेगी और किसी भी प्रकार के दबाव अथवा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## खानाबदोश मजदूर ने की खुदकुशी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना इलाके में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक 25 वर्षीय मजदूर ने खुद का गला रेतकर आत्महत्या कर ली। घटना एसएमएस कॉलोनी स्थित एक कबाड़ खाने की है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी मुकेश खरड़िया के अनुसार मृतक की पहचान 25 वर्षीय छीतर के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती छानबीन में सामने आया कि छीतर पिछले पांच-सात सालों से मंडी में काम कर रहा था और खानाबदोश की जिंदगी जी रहा था। शुक्रवार को वह एसएमएस कॉलोनी स्थित एक कबाड़ खाने में गया, जहां उसने अचानक चाकू से खुद का गला रेत लिया। गला कटने के बाद अत्यधिक खून बहता देख वह घबरा गया और मदद की गुहार लगाते हुए कबाड़ खाने से बाहर भागा, लेकिन थोड़ी दूर जाकर सड़क पर अचेत होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निकाय चुनाव : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मतदान कर बूथों का लिया जायजा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में निकाय चुनाव के तहत मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। लोकतंत्र के इस महापर्व में आम जनता के साथ-साथ दिग्गजों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने वार्ड संख्या 141 के बूथ नंबर 10 पर पहुंचकर वोट डाला। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस उत्सव में जनता की भागीदारी सराहनीय है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गई, जो आमजन के जागरूक होने का स्पष्ट संकेत है। नागरिकों ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया है। इसके अलावाए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों पर मतदाताओं के लिए की गई पानी, छाया और सुरक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र भर के पोलिंग बूथों पर मतदाताओं का भारी उत्साह नजर आया। फर्स्ट टाइम वोटर्स से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया और अपनी स्थानीय सरकार चुनने के लिए उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## कच्ची बस्ती में जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** लायंस क्लब झुंझुनू जीवन द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को दीनदयाल नगर स्थित कच्ची बस्ती में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम की संयोजक एवं प्रायोजक लायन विमला गोदारा रही। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मुकेश एस. मूंड ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही लायंस क्लब का मूल उद्देश्य है। सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को आत्मसात करते हुए क्लब निरंतर जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन कर रहा है। ऐसे सेवा कार्य समाज में परस्पर सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। लाभार्थियों ने क्लब के इस सेवा कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब सचिव ओमप्रकाश मूंड, सह कोषाध्यक्ष लायन अशोक कुलहरी, पर्यावरण संरक्षण चेयरपर्सन लायन ओमप्रकाश मूंड, लायन विमला गोदारा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सिंघाना नगरपालिका में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 79.52 प्रतिशत रहा मतदान



निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव के तहत सिंघाना में 35 वार्डों के लिए हुआ मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। कुल 20,630 मतदाताओं में से 16,405 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह नगरपालिका क्षेत्र में कुल 79.52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव में 35 वार्डों के लिए कुल 221 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान के दौरान प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात रहा। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस ने फर्जी मतदान के प्रयास के आरोप में पांच जनों को हिरासत में भी लिया, इसके बाद उन्हें शांतिभंग के मामले में पांबध कर छोड़ दिया गया। नगरपालिका चुनाव में सबसे अधिक मतदान वार्ड 33 में हुआ। यहां कुल 779 मतदाताओं में से 698 मतदाताओं ने वोट डाले। इस वार्ड में मतदान प्रतिशत करीब 89.60 प्रतिशत रहा। वहीं सबसे कम मतदान वार्ड 30 में दर्ज किया गया। यहां कुल 1096 मतदाताओं में से 690 मतदाताओं ने मतदान किया। वार्ड 30 में मतदान प्रतिशत करीब 62.96 प्रतिशत रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की बड़ी अप्रिय घटना सामने नहीं आई। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर लगातार निगरानी रखी गई। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित स्थान पर जमा कराया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी बाबूलाल बिजारणियां ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर मतदान कर्मियों, पुलिस प्रशासन और सिंघाना नगरपालिका के कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से पूरी हो सकी। चुनाव के दौरान एएसपी सुभाष गोदारा, खेतड़ी एसडीएम सुनील कुमार चौहान, बुहाना डीएसपी मंजू चौहान, सहायक रिटर्निंग अधिकारी बाबूलाल बिजारणियां, सीआई सुगन सिंह, खेतड़ी सीआई बुद्धि प्रसाद, सीआई दलीप सिंह, डीएसटी प्रभारी हेमराज मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रामदेव बाबा का जागरण आज



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के प्रथम सेक्टर स्थित नर्सरी स्कूल के पास शनिवार को रामदेव बाबा के भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक वीरेंद्र लखटकिया एवं रोशनलाल ने बताया कि आमजन के सहयोग से शनिवार रात 8 बजे रामदेव बाबा का भव्य जागरण का शुभारंभ होगा। जागरण में मोई सद्दा के फतेहदास महाराज के सानिध्य में भजनों की प्रस्तुतियां होगी। इसमें ओमप्रकाश तुनिया, चिड़ावा के विनोद कुमार, कन्हैयालाल खुड़िया, लक्ष्मण नाथ व हरमेंद्र सिंह पार्टी सहित अन्य कलाकार रामदेव बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## 16 सितंबर को निकलेगी गोपालजी महाराज की 208वीं हेड़े की परिक्रमा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गोपालजी महाराज की 208वीं हेड़े की परिक्रमा 16 सितंबर 2026, भादवा सुदी छठ संवत् 2083 को निकाली जाएगी। परिक्रमा सुबह 6 बजे गोपालजी का रास्ता स्थित श्री नृसिंहजी मंदिर से शुरू होगी और रात 10 बजे श्री गोपालजी के निज मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। परिक्रमा में भक्त सफेद धोती-कुर्ता और मोतिया रंग की पगड़ी पहनकर नंगे पैर भजन-कीर्तन करते हुए शामिल होंगे। ढोलकी-मंजीरों से सुसज्जित भक्त मंडली जयपुर के प्राचीन मंदिरों के दर्शन करते हुए परिक्रमा करेगी। श्री नृसिंहजी मंदिर से शुरू होकर गोपालजी मंदिर, जौहरी बाजार के विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन करते हुए सुबह 9 बजे सांगानेरी गेट पहुंचेंगे। यहां से धुलेश्वर महादेव मंदिर, हाथी बाबू का बाग, नाहरी का नाका स्थित पंचमुखी हनुमान, धूलकोट, गढ़ गणेश, नहर के गणेशजी, धोतीवालों की बगीची, बद्रीनारायणजी की डूंगरी, लाल डूंगरी स्थित कल्याणजी और गणेशजी के मंदिरों के दर्शन करते हुए गलता पहुंचेंगे। यहां विश्राम के साथ घाट के हनुमानजी के दर्शन किए जाएंगे। इसके बाद घाट की गुणी के नीचे फतेहचंद्रमाजी के मंदिर में दोपहर 12 बजे बालकों को बहुमूल्य आभूषण एवं पोशाक पहनाकर श्री गोपालजी के स्वरूप में श्रृंगार किया जाएगा। उन्हें चांदी की पालकी में विराजमान किया जाएगा। शाम 5 बजे आरती के बाद स्वरूपों की झांकी रवाना होगी। भक्त मंडली भजन-कीर्तन करते हुए शाम 6 बजे सांगानेरी गेट पहुंचेगी। सांगानेरी गेट से शाम 7 बजे हाथी, घोड़े, ऊंट सहित लवाजमे, शहनाई वादन और बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ परिक्रमा आगे बढ़ेगी। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे लवाजमे के साथ जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार और चौड़ा रास्ता होते हुए गोपालजी के रास्ते स्थित निज मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में गणमान्य लोग श्री गोपालजी के स्वरूपों की आरती उतारेंगे।


## भाजपा प्रत्याशी के घर पर हमला, समर्थक को गाड़ी में ले जाने का आरोप

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव में मतदान से कुछ घंटे पहले नोखा में भाजपा प्रत्याशी के घर के बाहर देर रात हंगामे और मारपीट के प्रयास का मामला सामने आया है। जोरावरपुरा निवासी ओमप्रकाश सुथार ने नोखा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उनके मामा दामोदर सुथार वार्ड 39 से भाजपा प्रत्याशी हैं। उनका मकान सुजानगढ़ रोड स्थित होटल एलिसयन के पास है। रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार रात करीब 12:54 बजे ओमप्रकाश अपने मामा दामोदर सुथार, रमेश राठी और तीन-चार अन्य लोगों के साथ घर के पास बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक बोलेरो कैंपर और एक बोलेरो एसएलएक्स तेज गति से वहां आकर रुकी। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों वाहनों से पुनम जाट, नारायण डूडी, रामा डूडी सहित 5-6 अन्य लोग लाठी-सरिया लेकर नीचे उतरे और दामोदर सुथार व ओमप्रकाश पर हमला करने के लिए दौड़े। शिकायत में बताया गया कि दोनों ने भागकर घर में प्रवेश कर अपनी जान बचाई। आरोप है कि इस दौरान रमेश राठी को पकड़कर जबरन गाड़ी में डाल लिया गया और आरोपी उसे अपने साथ ले गए। जाते समय आरोपियों ने एक स्कूटी को भी टक्कर मार दी, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई।

# बाबा श्योकरणदास मेले में श्रद्धालुओं ने लगाई धोक

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जीवणसर में शुक्रवार को धूमधाम से बाबा श्योकरणदास (सूरदास) मेले का आयोजन किया गया। आस पास के गांवों से पधारे हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा की समाधि पर माथा टेककर क्षेत्र में सुख शांति की मन्नत मांगी व बच्चों के जात जडुले उतारे। मेले में आयोजित खेलों में विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को उचित ईनाम वितरित किया गया। कुश्ती में प्रथम अर्जुन स्टेडियम जींद 21 हजार, उपविजेता कुरूक्षेत्र 11 हजार रुपए, वॉलीबाल में जाखोद की टीम विजेता व चांदवास की टीम उप विजेता रही, कबड्डी में अर्जुन स्टेडियम जींद विजेता व उपविजेता कुरूक्षेत्र की टीम रही। मेला आयोजक पप्पूजी भगत सुरदास ने विजेताओं को इनाम दी कुश्ती कोच जगदीश, जोगेन्द्र, सुमेर, उम्मेद कुल्हार, विजेन्द्र बिजारणिया, ओम प्रकाश जांगिड़ आदि ने खेसो में निर्णायक की भूमिका निभाई। पंस सदस्य सोमवीर लाम्बा ने भी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियो ग्रामीणों का सफल आयोजन के लिए आभार जताया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रामावतार धोलिया, सज्जन लांबा, बंशीधर मेघवाल, चिरंजीलाल शर्मा, रामानन्द राव, सुनिल बिजारणियां, उम्मेद लाम्बा, लीलाधर भड़िया, अनिल, रामफल, सुनिल लाम्बा सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190